दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 16 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 472

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी 'विफलताओं' से देश का ध्यान भटकाने के लिए नेहरूका जिक्र किया: कांग्रेस



लोक तंत्र की आवाज़

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना और न्यूनतम लोकतांत्रिक शासन उनका मॉडल है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बस नेहरू के बारे में सोचते रहते हैं और अपनी विफलताओं व वर्तमान चुनौतियों से राष्ट्र का ध्यान भटकाने के लिए उनका हवाला देते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी विफलताओं पर पूरी तरह चुप्पी साधे रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले 'भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा था. कांग्रेस नेता ने पूछा कि प्रधानमंत्री नेहरू के बिना क्या करेंगे, जिनके बारे में वह हमेशा सोचते रहते हैं? उन्होंने कहा, ₹अपनी विफलताओं से राष्ट्र का ध्यान भटकाने के लिए नेहरू जरूरी है. जिन वर्तमान चुनौतियों पर वह (मोदी) पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं, उनसे राष्ट्र का ध्यान भटकाने के लिए नेहरू आवश्यक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता के लालच में संविधान को बार-बार 'लहूलुहान' किया जबकि 2014 में आई उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का उद्देश्य संविधान की दृष्टि के अनुरूप भारत की ताकत और एकता को बढ़ावा देना है।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल पर असमंजस! सोमवार को लोस में नहीं पेश होगा विधेयक

लोक तंत्र की आवाज़



**नई दिल्ली ।** 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है। यह बिल पहले सोमवार 16 दिसंबर को लोकसभा में पेश होना था। बजाप्ता यह 16 तारीख में लिस्टेड भी था। लेकिन अब यह बिल सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं होगा। क्योंकि लोकसभा की संशोधित सूची में यह बिल नहीं है। बता दें कि सरकार ने इस बिल की कॉपी सांसदों को भी भेज दी है ताकि वे इसका अध्ययन कर सकें। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को खत्म हो रहा है।अगर यह बिल 16 दिसंबर को पेश नहीं होता है तो फिर सरकार के पास चार दिन ही बाकी रहेंगे। ऐसे में इस बिल पर चर्चा होने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं।

बता दें कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक वन नेशन वन इलेक्शन को 12 दिसंबर को मंजूरी दी थी। कैबिनेट ने दो ड्राफ्ट कानूनों को मंजूरी दी थी, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में इस विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई थी।

## बीजेपी और टीडीपी आए आमने-सामने, चंद्रबाबू नायडू की पार्टी ने संसद में किस मुद्दे पर उठाया सवाल



लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान चंद्रबाबू नायडू की पार्टी ने केंद्र के एक कदम पर सवाल उठाए। टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्ण देवरायलु ने लोकसभा में संविधान पर बहस के दौरान जनसंख्या के आधार पर किए जा रहे अगले परिसीमन पर चिंता व्यक्त की। सांसद ने कहा कि अगले परिसीमन के तहत दक्षिणी राज्यों को नुकसान होगा, जबकि उत्तरी राज्यों को राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

सांसद ने कहा कि यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाता है, तो गणना यह है कि चार राज्यों- यूपी, बिहार, एमपी और राजस्थान की सीटें वर्तमान की 169 से बढ़कर 324 हो जाएंगी, जबकि आंध्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक की सीटें वर्तमान 129 से बढ़कर 164 हो जाएंगी। टीडीपी सांसद ने कहा कि यह संघवाद के हित में नहीं साबित होगा। उन्होंने आग्रह किया कि उन राज्यों को भी परिसीमन का लाभ दिया जाना चाहिए जिनकी जनसंख्या में कमी आई है। देवरायलु ने मांग की कि राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों के लिए समय सीमा तय की जानी चाहिए।

सांसद ने सरकारों को गिराने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य विधानसभा द्वारा केंद्र द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को खारिज करने के बावजूद आंध्र का विभाजन हुआ।बता दें कि 2029 में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव को बढ़ी हुई सीटों के साथ कराने का प्लान है। परिसीमन कानून के तहत 2026 तक लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ाई जा सकती हैं। इसके बाद जनगणना के आधार पर परिसीमन कराया जा सकता है। अनुमान के अनुसार, 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन पूरा होगा।

## समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके झारखंड को आगे ले जाएंगे: सोरेन

लोक तंत्र की आवाज़



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके प्रदेश को आगे ले जाएगी। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सभी प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने 'मईयां सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया है।

सोरेन साहिबगंज के भोगनाडीह में एक सरकारी समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने यहां साहिबगंज और पाकुड़ जिलों के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये की 331 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दोनों जिलों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच लगभग 187 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां भी वितरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता ने एक बार फिर 'अबुआ सरकार' को चुना है और राज्य के सम्मान, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं के विकास तथा 'जल, जंगल और जमीन' की सुरक्षा के लिए वोट दिया है। सोरेन ने कहा, राज्य के खनिज संसाधन देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, लेकिन राज्य के गरीबों, आदिवासियों और मूल निवासियों की जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। झारखंड पिछड़ा हुआ है। हम सब मिलकर पिछड़ेपन के कलंक को मिटाने का काम करेंगे और समाज के सभी वर्गों को मजबूत करके राज्य को आगे ले जाएंगे।

## सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता जाने से तड़प रहा है हिजबुल्लाह, लगा बहुत बड़ा झटका

लोक तंत्र की आवाज़



**बेरूत।** लेबनान के आतंकी समूह हिजबुल्लाह के नेता ने कहा है कि सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता का पतन होने के बाद उसकी मुख्य आपूर्ति लाइन कट गई है, लेकिन वह हथियार लाने के अन्य तरीके खोज सकता है। हिजबुल्लाह असद का मुख्य समर्थक था और उसने पिछले दशक में हजारों लड़ाके सीरिया भेजे थे। दशकों तक हिजबुल्लाह ईरान से हथियारों के लिए एक माध्यम के रूप में सीरिया पर निर्भर रहा है।

हिजबुल्लाह नेता ने क्या कहा?

बशर अल-असद की सत्ता का पतन होने के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में हिजबुल्लाह नेता नईम कासेम ने कहा कि समूह की सीरिया से होकर गुजरने वाली सैन्य आपूर्ति लाइन कट गई है। हिजबुल्लाह नेता ने कहा कि वहां का नया प्राधिकरण इस मार्ग को बहाल कर सकता है, ''अन्यथा हम अन्य तरीके ढूंढ़ सकते हैं।

ईरान ने कही थी ये बात:

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा था कि सीरिया में बशर अल-असद सरकार का पतन सहित वहां का हालिया घटनाक्रम अमेरिका और इजरायल की संयुक्त योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा था कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि सीरिया में जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी और यहूदी (इजरायल के संदर्भ में) योजना का परिणाम है। उन्होंने दावा किया था कि हमारे पास सबूत हैं, और यह सबूत संदेह की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता।

### ईरान के लिए झटका है असद का पतन

ईरान को सीरिया की बशर अल असद की सरकार का बड़ा सहयोगी माना जाता था। ईरान सीरिया को लड़ने के लिए सैन्य साजो-सामान और सेना को ट्रेनिंग देकर मदद करता था। सीरिया में असद सरकार का पतन ईरान के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

## हम 'वन नेशन- फ्री एजुकेशन' की बात क्यों नही करते : पप्पू यादव

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा में बुधवार को बेहद गंभीर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर तीखा हमला किया. पप्पू यादव ने न केवल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर सवाल उठाए, बल्कि शिक्षा और आरक्षण के मुद्दों पर भी अपनी चिंता जाहिर की. लोकसभा में अपने सवाल के दौरान पप्पू यादव ने ₹समर शेष है कविता पढ़ते हुए अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन की बात की जाती है, लेकिन वन नेशन, वन एजुकेशन या फ्री एजुकेशन पर कोई चर्चा नहीं होती।

पप्पू यादव ने लोकसभा में कहा कि जिस छोटे बच्चे ने अपनी गुल्लक राहुल गांधी को दी थी, इस बच्चे के परिवार को प्रवर्तन निदेशालय ई डी के अधिकारियों ने डराया-धमकाया और कहा कि अगर वे राहुल गांधी के खिलाफ बयान देंगे और कांग्रेस जॉइन करेंगे, तो उनके खिलाफ की जा रही कार्रवाई को रुकवा लिया जाएगा. इस दबाव में आकर बच्चे के मां-बाप ने आत्महत्या कर ली. यादव ने कहा, यह ईडी की गुंडागर्दी का एक उदाहरण है, जिस पर गंभीर विचार करने की जरूरत है।

इसके अलावा, पप्पू यादव ने बिहार में बीपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की दुर्दशा का उदाहरण दिया, जिसे पटना के डीएम द्वारा थप्पड़ मारकर खदेड़ा गया. उन्होंने कहा, ₹आप सोचिए इस बारे में. इस तरह की घटनाओं से यह साबित होता है कि हम छात्रों को उचित शिक्षा देने में विफल हो रहे हैं. हम निजीकरण

### यह कहते हुए अचानक ई डी पर क्यों भड़क उठे पप्पू यादव



की बात कर रहे हैं. शिक्षा और बिजली जैसे मुद्दों पर निजीकरण कब खत्म होगा, यह सवाल गंभीर है।

पप्पू यादव ने लोकसभा में आरक्षण के मुद्दे पर भी चर्चा की. उन्होंने कहा कि यदि हम देश के विकास की बात करते हैं, तो यह आवश्यक है कि धर्म, जाति, भाषा और रंग के आधार पर देश न बंटे. यादव ने यह भी कहा कि बिहार आरक्षण को समय के हिसाब से पुनः परिभाषित किया जाए और इसमें 67 प्रतिशत आरक्षण प्राइवेट नौकरियों में लागू किया जाए. इसके साथ ही, उन्होंने ठेकेदारी प्रथा में दलितों, एससी और एसटी समुदायों को विशेष स्थान देने की बात की।

पप्पू यादव ने सरकार से यह भी पूछा कि कब तक निजीकरण जारी रहेगा और कब तक सरकारी सेवाओं की अनदेखी की जाएगी. उन्होंने निजीकरण के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि यह नीति गरीबों और जरूरतमंदों के खिलाफ जा रही है। उनका मानना है कि निजीकरण से केवल अमीरों को फायदा हो रहा है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग इसका सबसे ज्यादा नुकसान उठा रहे हैं।

## जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा नॉन-स्टॉप विज्ञापनों में बहा रहे सीएम नीतीश: तेजस्वी

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गरीब एवं पिछड़े राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई का हजारों करोड़ रुपए नॉन-स्टॉप विज्ञापनों में बहा रहे है।

यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आज लिखा, 'पूर्णतः अपनी विश्वसनीयता, पहचान, साख और सिद्धांत खो चुके नीतीश कुमार गरीब एवं पिछड़े राज्य बिहार की जनता की गाढ़ी कमाई का हजारों करोड़ रुपए नॉन-स्टॉप विज्ञापनों में बहा रहे हैं।' नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कुछ दिन पूर्व



तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बारे में सरकारी कार्यक्रमों में मीडिया को बोलते थे कि, ''ऊलोग कुछ काम करता है जी, खाली अख़बार में फोटो चमकाता है।'' अब इनके बारे में कोई क्या कहे। राजद नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर स्वयं की सोच शक्ति शेष है तो आत्ममंथन और चिंतन कीजिए कि गरीब राज्य का अरबों रुपए ऐसे बर्बाद करना क्या जायज़ है।

## रूस के हमलों का यूक्रेन ने दिया जोरदार जवाब, ड्रोन अटैक कर मचा दी तबाही

लोक तंत्र की आवाज़

**कीव।** रूस की ओर से किए जा रहे ताबड़तोड़ हमलों का यूक्रेन ने भी जोरदार जवाब दिया है। दक्षिणी रूस में यूक्रेन ने ड्रोन हमले किए हैं। यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमलों में नौ साल के एक बच्चे की मौत हो गई और एक प्रमुख ईंधन डिपो में आग लग गई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। यूक्रेन की सीमा के पास स्थित रूसी क्षेत्र बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने सोशल मीडिया 'टेलीग्राम' पर बताया कि आवासीय क्षेत्र में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत हो गई।



ग्लैदकोव ने बताया कि घटना में घायल बच्चे की मां और सात महीने की बहन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**ईंधन डिपो को बनाया गया निशाना:** यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा है कि दक्षिणी रूस में यूक्रेनी ड्रोन ने रात में ओयोल क्षेत्र में एक प्रमुख ईंधन डिपो को निशाना बनाया। जनरल स्टाफ और रूसी टेलीग्राम समाचार चैनलों द्वारा प्रकाशित तस्वीरों में ईंधन डिपो से धुएं के विशाल गुबार दिखाई दे रहे थे। ओयोल के गवर्नर एंड्री क्लिचकोव ने पुष्टि की है कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में वहां एक ईंधन डिपो में आग लग गई।

### रूस ने किए ताबड़तोड़ हमले

यूक्रेन के ये हमले रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर 93 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें और लगभग 200 ड्रोन दागे जाने के एक दिन बाद हुए हैं। इन हमलों से यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को और नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने शनिवार को भी अपने ड्रोन हमले जारी रखे। वायु सेना के बयान के अनुसार, 58 ड्रोन को मार गिराया गया और 72 अन्य इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के कारण रास्ते से भटक गए। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी सेना ने यूक्रेन में महत्वपूर्ण ईंधन और ऊर्जा केंद्रों पर लंबी दूरी की सटीक मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया।

## प्रशांत किशोर का तेजस्वी पर पलटवार,बोले जनसुराज जनता का इ टिम,बीजेपी का बिहार में कोई वजूद नही

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** प्रशांत किशोर प्रशांत किशोर ने बीजेपी और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सांसदों के लिए बिहार में पहले लालू के समय जंगल राज को और अब जदयू के समय अफसर राज को पनपने दिया। प्रशांत किशोर ने शनिवार को तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि आरजेडी के लोग हमें बीजेपी की बी टीम कहते हैं, इधर बीजेपी के लोग भी हमें आरजेडी की बी टीम कहती हैं. क्योंकि दोनों ही बिहार में मुफ्त वोट लेने के आदी हैं. जबकि सच यह है कि जन सुराज जनता की बी टीम है।



बीजेपी पर तंज कसते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में मात्र 19 प्रतिशत वोट मिले थे. बिहार में भाजपा का अपना कोई वजूद नहीं हैं, तभी तो उन्होंने केवल 42 सीटें जीतने वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना रखा है. प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी दूसरे राज्यों में दलों को तोड़ कर अपनी सरकार बनाने के लिए जानी जाती है. बी टीम उसका बना जाता है जो मज़बूत होती है और बिहार में तो भाजपा खुद ही कमज़ोर है. भाजपा का यहाँ पर न तो कोई नेता है और न ही उनकी बिहार के लिए कोई नीति है।

प्रशांत किशोर ने बीजेपी और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ सांसदों के लिए बिहार में पहले लालू के समय जंगल राज को और अब नीतीश के समय अफसर राज को पनपने दिया. क्या उन्हें नहीं पता की बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, क्या उन्हें नहीं पता बिहार में पलायन सबसे बड़ी समस्या है? उन्होंने अपनी सरकार बचाने के लिए बिहार को लालू और नीतीश के हवाले छोड़ दिया. बिहार की बदहाली के लिए सीधे तौर पर लालू और नीतीश जिम्मेदार है. लेकिन आज जो बिहार की दुर्दसा है उसके गुनाहगार भाजपा और कांग्रेस हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में तीन मामलों का निष्पादन

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार लगाकर अंचल अधिकारी राजेश कुमार ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों को सुलझाया। मौके पर थाने के एसआई उपस्थित रहे।जनता दरबार में तीन मामलों का आन स्पाट निपटारा किया गया। सीओ ने बताया कि थाना क्षेत्र के बासोचक गांव ग्रामीण छोटे यादव का पुत्र विजय यादव ने एक ही जमीन को दो लोगों को रजिस्ट्री करने को लेकर आवेदन दिया गया।वहीं जमुआवां ग्रामीण संतोष रबानी की पत्नी पूजा देवी के द्वारा रैयती जमीन पर रास्ता को लेकर उत्पन्न विवाद से सम्बधित आवेदन दिया गया। जिसे न्यायालय अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर में आवेदन देकर मामले को निपटारा करने की बात कही गई। जबकि, प्रखंड क्षेत्र के मजौर ग्रामीण रामनंदन सिंह के पुत्र के द्वारा सरकारी जमीन के बगल में रहे निजी जमीन का चौहद्दी को सुधारने के लिए आवेदन दिया गया।

### विनय कुमार को बिहार डीजीपी बनने पर खुशी

**गया।** बिहार के नवयुक्त डीजीपी विनय कुमार को नियुक्त किए जाने पर भाजपा सहित गया जिले के समाजिक लोग ने खुशी जाहिर की है।गया मे रहते विनय कुमार अच्छी कार्यशेली के कारण पुलिस बलो में सक्रियता बढेगी तथा अपराधियों में खोफ कायम होगा, खुशी जाहिर करने वाले मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, जैनेन्द्र कुमार,कौशल शर्मा,हरे राम सिंह,हरी मांझी,ई नंदलाल मांझी,रोमीत कुमार, शांति निकेतन एकेडमी के निदेशक हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू जी,प्रेम सागर,डा मनिष पंकज मिश्रा, कमलेश सिंह, संतोष सिंह,रोमीत कुमार आदी उपस्थित थे।

### बाबा बैधनाथ से मगध की खुशिहाली और तरक्की के लिए प्रार्थना



**गया।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर मगध और भारत के खुशिहाली एवं समृद्धि के लिए एवं भारत के शिक्षा मंत्री स्वस्थ एवं दिर्धायु के लिए बाबा बैधनाथ धाम मे गया के शिक्षा विद श्रवण शाणिडल्य एवं पूर्व गया जिला महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ शालनी कुमारी ने बाबा बैद्यनाथ धाम से प्रार्थना किए एवं विधिवत पूजा अर्चना किए साथ में बाबा वासुकीनाथ धाम में जाकर बाबा से पुजा आरती एवं अर्चना किए हैं।

### धान के पूंज में लगी आग, एक लाख से अधिक मूल्य का धान जलकर राख

**कौआकोल(नवादा )।** प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल पंचायत के तरौन गांव के कर्बला के पास शनिवार की देर शाम धान के पुंज में अचानक आग लग गई। आग लगने से लगभग एक लाख रुपये से अधिक मूल्य की धान एवं बिचाली जलकर राख हो गया। आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने दुश्मनी से अथवा किसी की लापरवाही से इतना बड़ा नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसान व तरौन गांव निवासी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि रानीबाजार निवासी उपेन्द्र कुमार पांडेय के खेत में बटाईदार के रूप में धान का फसल लगाए थे। धान की फसल अच्छी हुई थी। परंतु कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। शनिवार की देर शाम अचानक खलिहान में रखे धान का पुंज में आग लग गया। आग लगा देख ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने के बाद मौजूद स्थानीय ग्रामीणों एवं अग्निशमन वाहन के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में करीब एक लाख रुपए मूल्य से अधिक की अनाज जलकर राख हो गया। घटना के बाद पीड़ित किसान व उनके परिवार का हाल बेहाल था।

# गया : आईआईएम बोधगया ने की तीन दिवसीय इंटर-आईआईएम खेल महोत्सव आरोहण की सफलतापूर्वक मेजबानी

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** आईआईएम बोधगया में 13 से 15 दिसंबर, 2024 हुआ तीन दिवसीय एंटर-आईआईएम खेल महोत्सव ₹आरोहण₹ का आयोजन किया गया है।प्रतिभा और कौशल के उत्सव में इस कार्यक्रम ने भारत के पूर्वी हिस्से के आईआईएम को एक साथ लाने का काम किया है इस महोत्सव में कुल 111 प्रतिभागी शामिल हुए हैं ।जिनमें आईआईएम संबलपुर ने 56 एथलीटों 26 महिलाएं और 30 पुरुष और आईआईएम रांची ने 55 एथलीटों 15 महिलाएं और 40 पुरुष का योगदान दिया है। यह आयोजन 13 दिसंबर को आईआईएम संबलपुर और आईआईएम रांची की टीमों के आगमन के साथ शुरू हुआ है। इस उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि मेजर जनरल जॉय बिस्वास द्वारा किया गया, जो की एनडीए खडकवासला, आईएमए देहरादून और डीएसएससी वेलिंगटन के पूर्व छात्र रह चुके हैं एवं 31 वर्षों से अधिक के प्रतिष्ठित सैन्य करियर के बाद वह वर्तमान में ओटीए गया में सेवारत हैं। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने अनुशासन और खेल कौशल के महत्व पर जोर दिया है। निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया और ध्वज सौंपे गए हैं। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ विनीता एस सहाय ने फैकल्टी और छात्रों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में भाग लिया है। डॉ. सहाय ने आयोजन की भावना को दर्शाते हुए बैडमिंटन और टेबल टेनिस भी खेला है। पहले दिन क्रिकेट और बैडमिंटन में आईआईएम संबलपुर और आईआईएम बोधगया के बीच मैच हुऐ और दोनों मैच में आईआईएम बोधगया ने जीत हासिल की गई है। दूसरा दिन फ़ुटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, थ्रोबॉल और बैडमिंटन के कड़े मुकाबलों से भरा रहा है। आईआईएम बोधगया फुटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और पुरुष बैडमिंटन में विजेता बनकर उभरा है। महिलाओं का थ्रोबॉल मैच आईआईएम संबलपुर ने जीता है। दिन का समापन अलाव और ओपन माइक सत्र के साथ हुआ है। 15 दिसंबर को, आईआईएम बोधगया ने आईआईएम संबलपुर के खिलाफ क्रिकेट मैच और पुरुषों का थ्रोबॉल मैच जीता। 100 मीटर स्प्रिंट में भी आईआईएम बोधगया ने पहला स्थान हासिल किया एवं आईआईएम रांची दूसरे स्थान पर रहा है। आईआईएम रांची के एक प्रतिभागी राजा अरविंद ने साझा किया है।₹यह कार्यक्रम अन्य आईआईएम के प्रतिभागियों से जुड़ने और सीखने का एक शानदार अवसर है प्रदर्शित प्रतिस्पर्धी भावना और टीम वर्क वास्तव में प्रेरक था।₹इस कार्यक्रम का समापन एक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ है।जहां एथलीटों को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और थ्रोबॉल में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। खेल समिति के अध्यक्ष डॉ. अमरेश कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने आईआईएम बोधगया, आईआईएम संबलपुर और आईआईएम रांची के एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान पटना में हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली (नवादा)।** अब केकर सहारे जीबै हो बेटवा,अब हमनी के बुढापा के सहारा के बनतै रजवा बेटे की मौत के खबर के बाद माँ की करुण कन्द्रन ने सबको झकझोर दिया।मारपीट के घटना में घायल युवक को पटना के किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहाँ शनिवार की रात्रि को पटना स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया।मौत की खबर सुनने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।दरअसल बीते गुरुवार को हरदिया निवासी रामबालक मिस्त्री के 17 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार अपने दोस्तों के साथ रिसेप्शन पार्टी में जा रहा था।और जैसे ही रजौली बाईपास पहुँचा वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार से टक्कर हो गया।इस घटना में उक्त बाइक सवार की बाइक का इंडिकेटर लाइट टूट गया।इंडिकेटर टूटने से नाराज बाइक सवार गाली दे दिया।जिसके बाद दोनों पक्षो में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गया।इस दौरान मृतक मोनू ने बाइक सवार को कहा कि आपके बाइक का जो भी नुकसान हुआ है उसका भरपाई मैं कर दूँगा।तभी उसने बोला कि प्राणचक मोड़ के समीप चलो वहीं बात होगा।और दोनों पक्ष प्राणचक मोड़ पहुँचे।जैसे ही मोनू प्राणचक मोड़ पहुँचा वैसे ही दूसरे पक्ष के लोग प्राणचक मोड़ स्थित गुमटी से लाठी निकालकर मोनू के सर पर जोर-दार वार किया।जिसके बाद मोनू वहीं गिर गया।घायल अवस्था मे मोनू को दोस्तो ने अस्पताल पहुँचाया।जहाँ गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।घटना की सूचना पर परिजनों ने घायल मोनू को इलाज के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया जिसकी मौत शनिवार की देर रात्रि को अस्पताल में हो गई।

**मौत की सूचना पर घर में मचा कोहराम :** जैसे ही मौत की सूचना परिजनों को लगी वैसे ही परिजनों के करुण कन्द्रन से पूरा गाँव मे मातमी सन्नाटा पसर गया।पूरा परिजन दहाड़ मार कर रो रहे थे।

**घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी :** मारपीट के घटना के बाद मृतक के परिजनों के द्वारा रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

**क्या कहते हैं,थानाध्यक्षः** थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है।आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है।

## नवादा में डैम से युवक का गला कटा शव बरामद , युवक की शिनाख्त नहीं

लोक तंत्र कीआवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा।** जिले के पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र के कोनन्दपुर पंचायत के बढ़ोना गाँव के पश्चिम दिशा में अवस्थित डैम में एक अज्ञात शव लगभग 25 वर्षीय युवक का बरामद किया गया है। बताया जाता है कि 15 दिसम्बर कि सुबह लगभग दिन के नौ बजे एक युवक को गहरे डैम के बीच में तैरता हुआ शव पर उस समय पड़ा, जब कुछ किसान अपने अपने खेतों पर कृषि कार्य को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान लोग एक दूसरे को जानकारी देते देते किसी तरह यह मामला पक़रीबरावां पुलिस को दी गई। तब पुलिस घटना स्थल पर पंहुच कर मामले की जानकारी लेकर शव को बाहर निकाला गया। शव की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। इस घटना को लेकर लोगो में तरह- तरह के चर्चे लोगों के जुवान पर है। मामला चाहे जो भी हो पुलिस शव को बरामद कर पोरस्टमार्टम के लिए नवादा भेजकर मामले के अनुसंधान में जुट गई है। बताया गया है कि युवक के गर्दन को धारदार हथियार से रेता गया है। आशंका जताया जा रहा है कि युवक की गला रेतकर हत्या कर उसे डैम में फेंक दिया है।

## नवादाः बुद्धिजीवी विचार मंच का शिक्षा अभियान दल ने निकाला प्रभातफेरी

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा** 15 दिसंबर । बुद्धिजीवी विचार मंच का एक सूत्री शिक्षा जागरूकता अभियान रविवार को नगर परिषद क्षेत्र स्थित बुधौल में सफलता पूर्वक चलाया गया । इस अभियान के तहत प्रभात फेरी , अभियान गीत , प्रेरक संवाद और जनसंपर्क जैसे कई कार्यक्रम एक साथ चलाये गए । बुधौल के विभिन्न गलियों मुहल्लों से गुजरते हुए अभियान दल के साथियों ने शिक्षा के महत्त्व को नीचले पायदान तक पहुँचाने की कोशिश की । खासकर दलित महादलित परिवार से संवाद कायम करते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शाम में दो घण्टे बच्चों के साथ बैठकर पढने-पढ़ाने का सन्देश दिया गया । मंच के संरक्षक डॉ सुनीति कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान का नेतृत्व संयोजक अवधेश कुमार ने किया जबकि लोक गायक सह शिक्षक राजू रंजन और चंदेश्वर प्रसाद की जोड़ी ने आकर्षक गीतों के माध्यम से अलख जगाने की कोशिश की ।प्रभात फेरी के लिए बच्चों को एकत्रित करने का कार्य पोषक क्षेत्र स्थित विद्यालय के शिक्षक और संबंधित वार्ड के वार्ड आयुक्त ने किया । कारवां में शामिल रामबिलास प्रसाद , डॉ हरेकृष्ण यादव , मुकुलेश कुमार , मथुरा पासवान , राम लखन प्रसाद , नागेश्वर सिन्हा , सूरज यादव , देवनंदन प्रसाद, लालो राम , विनय यादव आदि शिक्षा प्रेमियों ने उत्प्रेरक का काम किया । अभियान समापन पर बच्चों के बीच मिठाइयाँ बांटी गई ।

# शेखपुरा का स्वास्थ्य व्यवस्था में लगातार हो रहा है सुधार, मृत्यु दर में आई कमी

लोकतंत्र की आवाज



शेखपुरा जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुधार और बेहतर कार्य किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम अब साफ़ तौर पर दिखने लगा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले में मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। पिछले एक वर्ष में जिले में विभिन्न कारणों से कुल 2145 लोगों की मृत्यु हुई, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और चिकित्सा सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता के कारण यह आंकड़ा पहले की तुलना में काफी कम हुआ है।स्वास्थ्य विभाग ने जिले के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार किया है, जिससे लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों का सुधार और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती जैसे कदमों ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई हैं। चिकित्सा शिविरों का आयोजन और टीकाकरण अभियानों के जरिए कई जानलेवा बीमारियों से बचाव किया गया है, जिससे मृत्यु दर में और कमी आई है।इसके अलावा, जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत स्वच्छता और जागरूकता अभियान भी चलाए गए हैं, जिनका सकारात्मक असर जिले के स्वास्थ्य पर पड़ा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने से लोग पहले से अधिक सतर्क हुए हैं और स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ उठा रहे हैं।जिला प्रशासन की सक्रियता और स्वास्थ्य विभाग के प्रभावी प्रयासों से शेखपुरा में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर ऊंचा हुआ है और आने वाले समय में इस दर में और भी कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए गए सुधारों के चलते जिले में लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है और यह सकारात्मक बदलाव शेखपुरा के लिए एक नई दिशा की ओर बढ़ने का संकेत है।

## शेखपुरा में बजरंग दल ने शौर्य यात्रा निकाली, हिंदुत्व की रक्षा को लेकर उठी आवाज

लोकतंत्र की आवाज




शेखपुरा में बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और शौर्य की भावना को जागरूक करना था। यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला, और उन्होंने ₹जय श्रीराम₹ के नारे लगाए, जिससे यात्रा का वातावरण उल्लासपूर्ण और जोश से भरपूर हो गया।बजरंग दल के नेताओं ने यात्रा के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने और भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और देश की सेवा के प्रति जागरूक किया और उन्हें समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। इस यात्रा ने न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल किया, बल्कि युवाओं को यह भी एहसास दिलाया कि वे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।यात्रा का मार्ग शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इसके दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस बात को सुनिश्चित किया कि यात्रा किसी भी प्रकार की अशांति या विवाद का कारण न बने। इस शौर्य जागरण यात्रा ने जिले के युवाओं को एकजुट किया और उन्हें एक सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया।इस पहल के माध्यम से बजरंग दल ने शेखपुरा में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। युवाओं को एकजुट करके और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा दी गई। यह यात्रा शेखपुरा में एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत के रूप में देखी जा रही है।

# अपार कार्ड बनाने में तेजी लाएं प्रधान शिक्षकःडीईओ

लोकतंत्र की आवाज





**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नेशनल इंटर विद्यालय में शनिवार को डीईओ दिनेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों का बन रहे अपार कार्ड की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार विद्यालय में नामांकित प्रथम से इंटर तक के विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाया जाना है।जिसकी शुरुआत प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में करीब तीन सप्ताह पहले की जा चुकी है।लेकिन वारिसलीगंज के विभिन्न विद्यालयों में बनाए जा रहे अपार आईडी की रफ्तार काफी धीमी है।जिस पर अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की है।बैठक में उपस्थित प्राथमिक,मिडिल,उच्च विद्यालय व इंटर विद्यालय के सभी प्रधान शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर अपार आईडी बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।कहा गया कि हर हाल में प्रत्येक विद्यार्थियों का अपार आईडी जल्द से जल्द बनाना सुनिश्चित करें। अपार आईडी में तेजी लाने के निर्देश के साथ-साथ विद्यालय में उपस्थित रहकर सुचारू रूप से पठन-पाठन के साथ ही अतिरिक्त क्रियाकलाप जिसमें खेलकूद, विवज प्रतियोगिता आदि करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रधान शिक्षकों से अधिकारी ने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही छात्रवृत्ति तथा पोशाक योजना की भी जानकारी प्राप्त की।

## मारपीट की दो प्राथमिकी दर्ज,नौ हुए नामजद

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के वहरोईचक गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना से संबंधित दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें महिला समेत नौ लोगों को नामजद किया गया है। चंदेश्वर प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में गांव के उदय यादव उसकी पत्नी कांति देवी,लड्डू यादव तथा उसकी पत्नी टुन्नी देवी को आरोपित बनाया गया है। पीड़ित ने प्राथमिकी में कहा है कि जब शुक्रवार की सुबह दूध लेकर डेयरी पर बेचने जा रहा था,तभी आरोपितों द्वारा बेवजह मेरा दस लीटर दूध बर्बाद कर दिया गया और पूछने पर मारपीट की गई। जबकि उसी गांव के सुनील यादव की पत्नी बानो देवी के आवेदन पर ग्रामीण चंदेश्वर यादव,जीतन यादव, मीना देवी, जामो देवी तथा खुशबू देवी को आरोपित बनाया गया है। दर्ज मामले में पीड़िता ने कहा है कि मेरी बकरी आरोपी के खेत में चला गया था, जिससे क्षुब्ध होकर आरोपितों द्वारा घर में घुस कर मारपीट की गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छात्र राजद का एकदिवसीय बैठक आयोजित, उपस्थित हुए प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाह व कमल यादव



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। रविवार को छात्र राष्ट्रीय जनता दल पुलिस जिला नवगछिया के द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता छात्र राजद जिला प्रभारी राजीव यादव ने किया।वही मुख्य अतिथि के रूप में छात्र राजद प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाहा व प्रदेश महासचिव कमल यादव बैठक में उपस्थित हुए।बैठक में संगठन मजबूती, 22 तारीख को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के आगमन को लेकर बातचीत हुई ।साथ सदस्यता अभियान व राजद समाचार पुस्तक को छात्रों के बीच बांटा गया। मौके पर मौजूद छात्र नेता नीतीश कुमार,सुमित यादव,नंदन यादव,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष का छपरा में आगमन आज, सभी तैयारियां पूरी



लोकतंत्र की आवाज
छपरा/एकमा (सारण)। जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती सोमवार को छपरा पहुंच रहे हैं। वह छपरा शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियों का अंतिम रूप दे दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए जिले में तय रुटमैप पर अनेक तोरणद्वार बनाए गए हैं। जहां जन सुराज के कार्यकर्ता जगह–जगह उसका स्वागत करेगें। इसकी जानकारी देते हुए जनसुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में सर्वप्रथम पंचायत व प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष संबोधित करेंगे। मध्याह्न काल में एक प्रेस वार्ता आयोजित है। जबकि दूसरी पाली में जिला व राज्य स्तर के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विचार–विमर्श किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष की पहली बार छपरा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उधार एकमा नगर पंचायत बाजार स्थित जनसुराज के कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष और पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कर प्रदेश अध्यक्ष के छपरा आगमन को सफल बनाए जाने को लेकर आवश्यक तैयारियां की समीक्षा की गई।

### आर्केस्ट्रा से नाबालिग लड़की बरामद

लोकतंत्र की आवाज
लहलादपुर (सारण)। जनता बाजार थाना के एएसआई पप्पू कुमार झा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अपने थाना क्षेत्र स्थित श्रीढोंढ़नाथ उच्च विद्यालय, लहलादपुर के समीप विनाका आर्केष्ट्रा से एक नाबालिग लड़की को बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान आर्केष्ट्रा संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। आर्केस्ट्रा संचालक बनियापुर थाना क्षेत्र के अमाव गांव निवासी राजेश कुमार महतो बताया जाता है, जो वर्षों से जनता बाजार में रहकर आर्केष्ट्रा पार्टी चलाता है। बताया गया है कि राजेश कुमार महतो के विरुद्ध बनियापुर थाने में दो मामले दर्ज हैं। बरामद की गयी युवती खैरा थाना क्षेत्र के आरवां कोठी गांव की बतायी जाती है। गिरफ्तार आर्केस्ट्रा संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### सामाजिक तत्वों ने मुर्गी फर्म में लगाई आग



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के टोपरा टोला,काली प्रसाद जाने वाले रास्ते के बगल में स्थित मुर्गी फार्म में सामाजिक तत्वों में आग लगा दी ।यह मुर्गी फार्म मन्नान साहब की थी। इस घटना से लगभग 30 बकरी और 500 मुर्गा ,एक मोटरसाइकिल ,मोबाइल एवं एक गाय के साथ–साथ उनका बेटा सद्दाम भी आग से झुलस गया है। लोगों ने बहुत मुश्किल से आग पर काबू पाया। विशेष खबर की प्रतीक्षा।

### वारिसनगर : जनता दरबार का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
वारिसनगर/समस्तीपुर। वारिसनगर थाना परिसर मे भूमि संबंधी मामलो के समाधान वास्ते प्रभारी थानाध्यक्ष शशिशंकर कुमार प्रसाद क़ी उपस्थिति एवं अंचलधिकारी धर्मेंद्र पंडित क़ी अध्यक्षता मे जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमे नया सात लंबित चार कुल ग्यारह मे से ऑन स्पॉट तीन का निष्पादन करते हुए शेष आठ पर नोटिस निर्गत किया गया ' इस अवसर पर थानाक्षेत्र से आये फरियादि अंचल कर्मी मंटून कुमार अंचल अमीन चंदेश्वर सिंह उपस्थित रहे है '

# राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन शुरू, उदघाटन मैच में नवगछिया ने बेगूसराय को हराया





लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में मधेपुरा जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा आज से कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानंदपुर,मधेपुरा में शहीद कैप्टन आशुतोष मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) शुरू हुआ। चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग के उदघाटन मैच में मेजबान नवगछिया ने बेगूसराय को 35–31,35–33 से पराजित कर विजय अभियान प्रारंभ किया। इस मैच में नवगछिया की ओर से अंकित,मुकुल,मो.सैफ ने एवं बेगूसराय की ओर से राजन,छोटू ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का विधिवत उदघाटन भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष –सह– सदस्य, बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रो.नवल किशोर यादव ने खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि बॉल बैडमिंटन संघ अपने वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम कराती है जो बड़ी उपलब्धि है। राज्य संघ द्वारा बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों को सारी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। जिसका परिणाम है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य के खिलाड़ी पदक प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और खेल में अन्योन्याश्रय संबंध है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का बास होता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य चैंपियनशिप का आयोजन कराने के लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता डॉ.विजय कुमार विमल,बी.एन.मंडल विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ.अबुल फजल,बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर,जमुनी लाल कॉलेज हाजीपुर के सहायक प्राध्यापक प्रो.अरुण दयाल,पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन थे।

समारोह की अध्यक्षता मर्चेंट नेवी अधिकारी–सह–नरेन्द्र चन्द्र नवीन ने किया। अतिथियों का स्वागत सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन,पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार,बालेश्वर झा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शुभाष चन्द्र ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कामेश्वर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश झा ने किया। मंच संचालन बीएन मंडल विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के संयुक्त सचिव डॉ. जैनेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव राकेश रंजन, रामबाबू सिंह,रवि रंजन कुमार,अमर आहूजा, संतोष कुमार शर्मा, विकास कुमार,सतीश कुमार सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित थे।यह जानकारी राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने दी।

## सरसौना सीमेंट फैक्ट्री कांड के खिलाफ भाकपा माले आज प्रतिरोध दिवस मनाएगी : उमेश कुमार



- भाकपा माले एवं ऐक्टू का संयुक्त राज्य स्तरीय जांच दल सोमवार को सरसौना पहुंचकर सीमेंट फैक्ट्री कांड की जांच करेगी :सुरेंद्र

लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। भाकपा माले एवं ऐक्टू की संयुक्त राज्य स्तरीय जांच दल सोमवार को समस्तीपुर जिले के ताजपुर के सरसौना स्थित सीमेंट फैक्ट्री कांड की जांच करने पहुंचेगी।इस आशय की जानकारी देते हुए भाकपा माले जिला सचिव उमेश कुमार ने बताया कि सीमेंट फैक्ट्री के लापरवाह सेफ्टी मैनेजर के कारण फिर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के शव को छुपाने कि कोशिश, मृतक के चचेरे भाई की पिटाई एवं मैनेजर के वादाखिलाफी के खिलाफ फैक्ट्री में हंगामा हो गया। असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी।

पुलिस इस मामले में तीन–तीन एफआईआर दर्ज की है। साजिश के तहत 15 लोगों को नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। फैक्ट्री मैनेजर के दबाव में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी हो रही है। निर्दोष लोगों को घर में घूस कर पुलिस पिट रही है। जिबकी घटना का कारण बना शव को अस्पताल से लेकर फरार होने वाला एवं शव को वैशाली के डभैत चौर में ठिकाने लगाने की कोशिश करने वाला सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार झा को राजनीतिक दबाव में बंगरा पुलिस बचा रही है। यह अन्याय है और इस अन्याय के खिलाफ भाकपा माले सोमवार, 16 दिसंबर को जिलाव्यापी प्रतिरोध दिवस मनाएगी। इसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री का पूतला फूंका जाएगा। यह जानकारी रविवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने देते हुए कहा कि एफआईआर से निर्दोष लोगों का नाम हटाने, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने, दोषी सेफ्टी मैनेजर आदित्य कुमार झा पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने, फैक्ट्री के सभी कर्मी का बीमा कराने आदि की मांग की है।

## भागलपुर में राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का नागरिक अभिनंदन



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। बिहार यात्रा' पर निकले राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का रविवार को भागलपुर सर्किट हाउस मे भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार व एमएलसी डॉ एनके यादव ने अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की अगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित हो इसके लिए रणनीति बनाने पर विचार–विमर्श हुआ। स्वागत करने वालो भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, सुमन भारती,अमित ट्विंकल,सोमनाथ शर्मा, कुणाल सिंह ने स्वागत अभिनंदन किया।

# कर्नाटक में बिहार का प्रतिनिधित्व कर शिव सागर लौटे, अब मिलेंगे राज्यपाल से

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत पीरपैंती में रहने वाले 18 वर्षीय शिव सागर ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत अंतर्गत युवा संगम में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व कर्नाटक में यूथ एंबेसडर के रूप में किए। शिव सागर मारवाड़ी महाविद्यालय, भागलपुर के राजनीतिक शास्त्र विषय में स्नातक में पढ़ रहे है साथ ही युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के टीम लीडर के रूप में कार्यरत है।इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में शिव सागर समेत 44 छात्र छात्राओं का चयन हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी से रूबरू करा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है।



यात्रा 24 नवंबर को केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया से प्रारंभ होकर 26 नवंबर को आईआईटी धारवाड़ को पहुंची।शिव सागर ने अपनी यात्रा के दौरान अक्षय पात्र फाउंडेशन, टाटा मोटर्स कंपनी, हम्पी, विरुपाक्ष मंदिर, हनुमान जी का जन्मस्थल किष्किंधा पर्वत और मुरुदेश्वर मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में आईआईटी धारवाड़ के निर्देशक प्रो. वेंकप्पाय्या आर. देसाई एवं नेशनल फॉरेंसिक विश्वविद्यालय के डायरेक्टर प्रो. मंजुनाथ घाटे ने शिव सागर को प्रमाण–पत्र, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस यात्रा का समापन 4 दिसंबर को हुआ।शिव सागर राजभवन में आदरणीय महामहिम बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से आगामी 18 दिसंबर को मिलेंगे। इस कार्यक्रम में कर्नाटक राज्य से आने वाले 50 प्रतिनिधि के साथ बिहार के सभी यूथ एंबेसडर भी हिस्सा लेंगे।शिव सागर की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो जवाहर लाल, प्राचार्य प्रो शिव प्रसाद यादव, राजनीतिक शास्त्र के शिक्षक डॉ सुधीर सिंह, डॉ चंद्रलोक भारती, क्रीड़ा सचिव डॉ संजय कुमार जायसवाल, सांस्कृतिक परिषद सचिव डॉ स्वास्तिक दास, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ राहुल कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय कुमार व डॉ बासुकी कुमार, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ प्रिय रंजन, डॉ आदित्य मोहंती, डॉ रचना विश्वकर्मी, डॉ चंदना और अनुराग मिश्रा ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शोभिपुर धमसर गांव से देसी शराब व्यवसाई गिरफ्तार व दूसरा फरार

लोकतंत्र की आवाज

लहलादपुर (सारण)। जनता बाजार थाना के एसआई दिलीप चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा विशेष गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के शोभिपुर धमसर गांव निवासी स्वर्गीय राजेश चौधरी के पुत्र पंकज चौधरी को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

तथा शोभिपुर गांव निवासी तारकेश्वर चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी को स्कूटी से देशी शराब लेकर भागने क्रम में पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। वह पुलिस वाहन देखकर स्कूटी छोड़कर झाड़ी के रास्ते भागने में सफल रहा। परन्तु पुलिस टीम ने स्कूटी की तलाशी ली, तो स्कूटी के डिक्की से 30 लीटर



देशी शराब बरामद हुआ। इसके पश्चात कुल बरामद 40 लीटर देशी शराब, एक स्कूटी तथा गिरफ्तार अभियुक्त के साथ पुलिस टीम थाना पहुंचकर गिरफ्तार व फरार अभियुक्त तथा स्कूटी मालिक के विरुद्ध मध निषेध की सुसंगत धाराओ के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## वीआईपी द्वारा लगाया गया निःशुल्क शिवर, दर्जनों लोगों ने उठाया लाभ

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड के बसंतपुर रमणी पंचायत के नव टोल गांव में पूर्व प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के पुण्यतिथि के अवसर पर विकासशील इंसान पार्टी के ओर से निःशुल्क शिविर आयोजन किया गया। जिसमें आयुष्मान कार्ड, मतदाता सूची में नाम जोड़ना, पैन कार्ड, एचडीएफसी बैंक में सभी प्रकार का खाता खोलना, एचडीएफसी बैंक में सभी प्रकार का ऋण, बिजली बिल, श्रम कार्ड, एलआईसी प्रीमियम आदि के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया।

इधर पूछे जाने पर वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार सहनी ने बताया कि आज दो दर्जन से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।




उन्होंने बताया कि जिनका आयुष्मान कार्ड बना है वे पांच लाख तक का ईलाज करा सकते हैं। निःशुल्क शिविर के अवसर पर वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार, सहनी, बसंतपुर रमनी के पंचायत अध्यक्ष शशि रंजन, गोही के पंचायत अध्यक्ष एखलाक अंसारी, सतमलपुर के पंचायत अध्यक्ष मो रेयाज, तेतर सहनी, गनौर सहनी, ललित सहनी, प्रदीप सहनी, विमल सहनी, मनोज सहनी, नारायण सहनी, नीलम सहनी, सुबोध सहनी, मोहिउद्दीनपुर के पंचायत लाल बाबू चौधरी, राम प्रीत सहनी आदि मौजूद थे।

## बिहपुर में मंडल अध्यक्ष प्रभुनंदन चौधरी के नेतृत्व में एक दिवसीय बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। रविवार को बिहपर प्रखंड के एनडीए कार्यालय मंडल भाजपा की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रभुनंदन चौधरी व संचालन जिला के मुख्य प्रवक्ता प्रो.गौतम ने किया।इस बैठक में सोमवार से शुरू होने वाले 15 दिवसीय बिहपुर विस भाजपा का बूथ कमेटी प्रशिक्षण वर्ग सह सम्मान समारोह 2024–25 की रूपरेखा पर चर्चा हुई।इस मौके पर बिहपुर विस के भाजपा विधायक विधायक ई. कुमार शैलेंद्र ने कहा कि यह प्रशिक्षण पांच जनवरी तक चलेगा।जिसमें प्रतिदिन दो बूथ कमेटी को दो पालियों में प्रशिक्षित किया जाएगा।इस बैठक में नवगछिया पुलिस जिला भाजयुमो अध्यक्ष रूपेश कुमार रूप,ई.रघुनाथ दास,दिलीप राय,सौरभ



कुमार,अजय उर्फ माटो,लालमोहन व सदानंद मंडल आदि समेत अन्य कई पार्टी नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।वहीं इस बैठक में बताया गया कि पहले दिन सोमवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण भगत द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।इस प्रशिक्षण में बूथ कमेटी को पन्ना प्रमुख,मन की बात प्रमुख,लाभार्थी प्रमुख,व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख,बीएल टू समेत बूथ के प्रमुख बनाने व उसके कार्यों की जानकारी दी जाएगी।बूथस्तर पर जाति व सामाजिक समीकरण समेत कितने वोटर मतदाता सूची से हैं व कितने नहीं जुड़े हैं उसका ब्यौरा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## थाना प्रभारी रामसेवक रावत की निरन्तर कार्यवाही व कार्यशैली को लेकर हो रही है प्रशंसा

लोक तंत्र की आवाज

- सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज आदर्श थाना में है पदस्थापित

सुपौल। जिले के त्रिवेणीगंज आदर्श थाना जिसका क्षेत्रफल बहुत ही वृहद है। क्षेत्र फल का दायरा बड़े होने के साथ थाना त्रिवेणीगंज में कार्य करना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी चुनौती व जिम्मेदारी को बड़े ही निष्पक्षता व साहस के साथ पूर्ण कर रहे है थाना त्रिवेणीगंज के थाना प्रभारी रामसेवक रावत। रावत के आने के बाद से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में बेहद कमी आई है। वहीं उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी रामसेवक रावत के मार्ग दर्शन में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने कुछ महीनों में थाना त्रिवेणीगंज द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही थाना त्रिवेणीगंज सह पुलिस विभाग के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।

थाना प्रभारी रामसेवक रावत के नेतृत्व में जहाँ एक ओर आपराधिक मामलों में लगातार कार्यवाही की गई जिससे क्षेत्र में आपराधिक ग्राफ में कमी प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रही है। आम जनता के बीच प्रभारी का तालमेल भी उत्कृष्ट है। थाना प्रभारी रामसेवक रावत की निरन्तर कार्यवाही से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। रावत के निरंतर कार्यवाही ने एक प्रकार से अवैध कारोबारियों के नाक में दम कर दिया है,जिससे क्षेत्र में अपराधिक मामलों में कमी आई है वही क्षेत्र में जुआड़ियों और सटोरियों। देह व्यापार कारोबारी के कारोबार पर ताला लटक चुका है ,गौरतलब है कि थाना प्रभारी रामसेवक रावत यहां आने बाद बड़े–बड़े अपराधियों की गिरफ्तारी एवं वर्षों से चल रहे देह व्यापार की धंधा का उजागर कर और उन कारोबारियों को सलाखों के पीछे धकेल दिया है ,

कल तक जो त्रिवेणीगंज थाना दलालों के हाथ बिक चुका था,



एफआईआर दर्ज करवाने के लिए दलालों का सहारा लेना पड़ता है, थाना गेट के बाहर ही एफआईआर दर्ज करवाने को लेकर पीड़ित और दलालों के बीच मोलभाव तय हो जाता था, बीना दलालों के हुक्म से एफआईआर दर्ज नहीं होता था, लेकिन थाना प्रभारी रामसेवक रावत के कार्यकाल में ऐसा नहीं है चिन्हित दलाल अब सड़क पर आ चुके हैं, इन दलालों के सामने अब भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है, बेचारे दलाल खून की आंसु बहाते फिर रहे हैं, हैरत की बात यह है कि इन दलालों की फरियाद कोई सुनने तक को तैयार नहीं है,

खास बात यह है कि अब पीड़ित बेहिचक थानेदार की दफ्तर अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं और थानेदार से अपनी पीड़ा सुनाते हैं आज वही थाना न्याय के मंदिर बन चुका है, थाना प्रभारी रामसेवक रावत की क्रियाकलाप से दलालों में नाराजगी है, इस बीच थाने को दलाल मुक्त बनाने में थाना प्रभारी रामसेवक रावत को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ा, बीते महीने जमीनी विवाद के एक झूठा एफआईआर थानेदार द्वारा दर्ज नहीं करने पर अवैध रूप से मुकदमे दर्ज करवाने वाले लोगों की जब थानेदार के पास नहीं गली दाल तो उन्हें एकजुट होकर थानेदार सहित कुछ लोगों के दामन में दाग लगाने की कोशिश शुरू कर दी,जहां तक की उनके तबादले करने तक के लिए एड़ी चोटी एक कर दिए , उसके बाद ऐसे चिन्हित स्वार्थी तथाकथित समाज के ठेकेदार लोग थाने में अपना दबदबा कायम करने के लिए सैकड़ो असामाजिक तत्वों को थाने गेट पर लाकर ईट पत्थर से थानेदार पर जानलेवा हमला भी किया, लेकिन थाना प्रभारी रामसेवक रावत अपने संकल्प पर डटे रहे है, इसप्रकार थाना त्रिवेणीगंज द्वारा की गई निरन्तर कर्यवाही को देखकर क्षेत्र के लोगो व बुद्धिजीवियों का कहना है कि थाना प्रभारी रामसेवक रावत के आने के बाद से अबतक उनके नेतृत्व में थाना त्रिवेणीगंज द्वारा बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की गई निरन्तर व बड़ी कार्यवाही सराहनीय है। आने वाले समय में निश्चित ही यह मील का पत्थर साबित होगा ।

थाना प्रभारी रामसेवक रावत दो टुक में कहते हम कानून के तहत कार्रवाई कर रहे हैं किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अपराध छोटा हो या फिर बड़ा है तो अपराध ही। इसलिए किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। हमारा यहीं प्रयास है कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जाए। इसके लिए आप लोगों के सहयोग की भी जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: सरकारी शिक्षक गिरफ्तार, पुलिस ने लगायें गंभीर आरोप, चोरी के वाहन भी जब्त

ब्यूरो चीफ मोतिहारी



पूर्वी चम्पारण: मोतिहारी में पुलिस ने एक सरकारी शिक्षक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी हरसिद्धि थाना क्षेत्र से हुई है। पूरा मामला मटियारिया सरैया खुर्द टोला की है। पुलिस का आरोप है कि आरोपी शिक्षक चोरी की बोलेरो और स्कॉर्पियो की खरीद–बिक्री करता था। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी शिक्षक के दरवाजे से चोरी की स्कॉर्पियो और बोलेरो गाड़ी को बरामद किया है। गिरफ्तार शिक्षक संग्रामपुर के मधुबनी सरकारी स्कूल में पदस्थापित है। इस मामले में थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा का कहना है कि शिक्षक शहजाद आलम अंसारी को चोरी की गाड़ी खरीद–फरोख्त करने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। इसके घर से अलग–अलग नंबर प्लेट भी बरामद हुए हैं। यह गाड़ी में अलग–अलग नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चलवाने का काम करता था। इस मामले में दो लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी शिक्षक लोगों को दिखाने के लिए सरकारी शिक्षक था, जबकि उसका असली काम चोरी की गाड़ियों की खरीद फरोख्त कर उन गाड़ियों को औने पौने दाम में खुद चलवाता था और फिर इसको बेच भी देता था। इस मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्यवाई की गई थी। पुलिस को जानकारी मिली कि शहजाद आलम चोरी के दरवाजे पर चोरी की बोलोरो और स्कॉर्पियो है। पुलिस बल के साथ सत्यापन करने गए थानाध्यक्ष नें दोनो गाड़ियों को बरामद किया और थाना ले आए। चोरी की गाड़ी खरीद फरोख्त मामले मे एक अन्य आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### सामुदायिक भवन में अब चलेगा विद्यालय

मधुबनी से सूरज यादव

बिहार के पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदाहा पंचायत के कांटी टोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय को अब सामुदायिक भवन नया टोला में स्थानांतरित किया जाएगा। यह निर्णय स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर लिया गया है। बीईओ उमेश कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है और जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजी जा रही है

### लोक जनशक्ति पार्टी की जिला कार्यकारणी बैठक हुई सम्पन्न

क्षितिज राज

बगहा। बगहा पुलिस जिला के मेंहुड़ा में नन्हे पांडेय जी के आवास पर 15 नवंबर दिन रविवार को हुआ लोक जनशक्ति पार्टी के द्वारा जिला कार्यकारणी बैठक का आयोजन लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बगहां संगठन की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष ई. परितोष कुमार राय की अध्यक्षता और प्रदेश महासचिव सह प्रभारी बगहां विजय यादव, प्रदेश महासचिव सह प्रभारी वाल्मिकीनगर लोकसभा अशोक मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिसमें जिला कार्यकारिणी और सभी 11 प्रखंड अध्यक्षो की घोषणा की गई वही जिला कार्यकारणी बैठक में जिला प्रधान महासचिव नन्हे पाण्डेय, संतराज गुप्ता, आमोद पासवान, रमेश दुबे, पवन कुमार दुबे, हिमांशु सिंह, अजय राव, मनोज पांडे, बाला भगवान दुबे, रमेश दुबे, नवल किशोर दुबे, अभिमन्यु पासवान, पूर्व मुखिया चन्दन पासवान, अजय सिंह, बिट्टू सिंह, संजय दूबे, सत्येन्द्र शर्मा, दीपु तिवारी, मुकेश यादव, दुर्गेश गुप्ता, विरेन्द्र पटेल, सुनील चौधरी, रितेश तिवारी, राजेश राउत, रवि सोनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वैदेही सम्मान से सम्मानित हुए गनौन पंचायत की मुखिया रेशमा आरा

मुरारी झा

घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित गनौन पंचायत की महिला मुखिया रेशमा आरा को पटना के पावन धरती विद्यापति भवन में आयोजित वैदेही सम्मान समारोह में गनौन पंचायत के महिला मुखिया रेशमा आरा को राष्ट्रमंडल में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली बिहार की बेटी जमुई की विधायक श्रेषी सिंह के हाथों सर्वेश्रेष्ठ मुखिया को अनुपम डेग़ अनुपम मुहिमक के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।इस समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, सुमन महासेठ अनिल झा, पप्पू सिंह के साथ कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पटना : मिथिला में स्थापित होगी मां जानकी की भव्य ओ दिव्य प्रतिमा : डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी

लोक तंत्र कि आवाज

**वैदेही सम्मान समारोह महिलाओं को प्रगतिशील बनाने का सशक्त माध्यम : डा गोपाल जी ठाकुर**



**मुरारी झा**

**पटना ।** शहर स्थित बाबा विद्यापति भवन में आयोजित वैदेही सम्मान समारोह में मिथिला की पहचान मां जानकी के साथ ही आरम्भ होती है। मिथिला का यह सौभाग्य रहा कि प्रभु श्री राम यहां के दामाद बने। जिस तरह से अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्रतिमा स्थापित कर और मंदिर का निर्माण हुआ है अब शीघ्र ही मां जानकी के जन्मभूमि सीतामढी के पुनौरा धाम में माता जानकी की भव्य ओ दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मिथिला क्षेत्र में महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित महिला संगठन अनुपम मुहिम एक डेग़ के तत्वावधान में पटना के विद्यापति भवन में संगठन के अध्यक्ष अनुपम झा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने उपरांत उदगार व्यक्त किए। समारोह का उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी के साथ दरभंगा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।कार्यक्रम में महिला उत्थान के लिए समर्पित महिला प्रतिनिधियों ने आगत अतिथियों का पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया।इस संगठन के बैनर तले लगभग दो दर्जन साहित्यकार, कवयित्री, संगीतकार मिथिला पेटिंग और पत्रकारीता सहित अन्य क्षेत्रों में प्रतिष्ठित लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रगतिशील समाज के निर्माण में आधी आबादी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिकाल से ही यह माना गया है कि महिलाओं के सहयोग के बिना एक मजबूत परिवार और प्रगतिशील समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। सांसद डा ठाकुर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नारी वंदन योजना सहित महिला हितैषी दर्जनों मुद्दों की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के पहल का नतीजा है कि आज देश की बेटियां वैज्ञानिक और पायलट बन रही हैं।सांसद डा ठाकुर ने संगठन की अध्यक्ष अनुपम झा की प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि आज समाज में यदि बेटियां इस तरह के संकल्पों का अनुकरण करें तो आने वाले समय में देश की प्राचीन गरिमा फिर से स्थापित की जा सकती है।

## केसरिया: पुलिस ने साइबर फ्रॉड के एक नए गैंग का खुलासा करते हुए दो सगे भाईयों को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने दरमाहा गांव में साइबर फ्रॉड के एक नए गैंग का खुलासा करते हुए दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई वोटर आईकार्ड और पैनकार्ड के अलावा स्मार्ट कार्ड छापने वाली मशीन को बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों भाइयों पर मुजफ्फरपुर में साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि इनके पास से एक डायरी मिला है. जिसमें पासवर्ड क्रियेट करने संबंधी बातें लिखी हुई है। इस संबंध में चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर केसरिया थाना के दरमाहा गांव में छापेमारी करके दो साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग साइबर फ्रॉड कर लोगों के खाता से पैसा गायब कर देते थे। इनके पास से स्मार्ट कार्ड छापने वाली मशीन, 5 एटीएम कार्ड, 3 पेन ड्राइव, बैंक पासबुक और कई अन्य लोगों के वोटर आईडी कार्ड एवं समार्ट कार्ड के फोटो कॉपी के साथ दो मोबाइल बरामद हुआ हैं। बता दें कि विगत 23 अक्टूबर को केसरिया के दरमाहा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के गैंग का खुलासा किया था। मुजफ्फरपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के मामले में छोटन सिंह और उसके भतीजा गोलू कुमार को गिरफ्तार किया था।जिनसे हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को इन दोनों भाईयों को गिरफ्तार किया। इस छापेमारी टीम में केसरिया इंस्पेक्टर मुनीर आलम, थानाध्यक्ष उदय कुमार, समेत दल बल के साथ जवान शामिल थे।

## डीसीसी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर ।** भोजपुर, भोजपुर के जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव में चल रही क्लस्टर योजना के तहत विकास कार्यों का निरीक्षण डीसीसी डॉक्टर अनुपमा सिंह ने किया। उन्होंने निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसीसी ने पंचायत में चल रही नई योजनाओं के बारे में जानकारी ली और सभी कार्यों को 30 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर हरिगांव गांव में कई योजनाओं पर काम चल रहा है, जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि सभी कार्य समय पर पूरे हो सकें। इस मौके पर बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार, मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे व अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## मटियरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास का शनिवार को हार्ट अटैक से हुई मौत। अंकित कुमार दास चार भाईयो मे थे सबसे छोटे। उनकी पत्नी पूजा सक्सेना का रो–रो कर हुआ बुरा हाल

लोकतंत्र की आवाज



**प्रखंड रिपोर्टर मो० आजाद गौनाहा**

**गौनाहा ।** मटियरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास के शनिवार को रात्रि करीब 11:30 बजे हुई आकस्मिक मौत से पुरे थाने क्षेत्र मे मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। रविवार को मटियरिया थाना के एएसआई ऐनुल हक ने पत्रकारों को बताया कि थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास 2018 बैच के दरोगा थे। उन्होंने 3 फरवरी 2024 को मटियरिया थाना मे थानाध्यक्ष का पद संभाला था। पहली बार उन्हें मटियरिया का थानाध्यक्ष बनाया गया था। इसके पूर्व मे वे नगर थाना मे एसआई के पद पर कार्यरत थे। घटना के सम्बन्ध मे एएसआई ऐनुल हक ने बताया कि शनिवार को रात्रि करीब 11:10 बजे उनकी पत्नी के चिल्लाने कि आवाज सुनाई दी। सभी अधिकारी व पुलिस के जवान उनके डेरे के तरफ दौड़कर भागे तो देखा कि उनकी तबियत अचानक बिगड़ गयी है तथा वे बिछावन पर अचेता अवस्था मे गंजी व पजामा पहने बिछावन पर पड़े थे। आनन–फानन मे उन्हें गाड़ी से रामनगर पीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामनगर से एम्बुलेंन्स से उन्हें पोस्टमार्टम हेतु बेतिया भेजा गया। उनके साथ उनकी पत्नी, एक तीन साल कि लड़की तथा एक साल का लड़का भी शव के साथ बेतिया गया है। थाना के कार्यरत अधिकारी व पुलिस के जवानों ने बताया कि अंकित कुमार दास मृदुभाषी व सरल स्वभाव के थे। सभी के साथ उनका मित्रवत व्यवहार था। अंकित कुमार दास किशनगंज जिला के ठाकुर गंज प्रखंड अंतर्गत, ठाकुर गंज थाना क्षेत्र के डागी बाड़ी गांव के निवासी थे। इसी बीच मटियरिया थाना पहुंचे मृत अंकित कुमार दास के भतीजा राहुल कुमार दास व उनके बहनोई दीपक कुमार दास ने बताया कि उनके क्वार्टर से बच्चों का कपड़ा व अन्य जरूरी समान लेने हमलोग थाना आये है। समान लेकर बेतिया पहुंचने के बाद उनके पार्थिव शरीर को लेकर पैतृक गांव डागी बाड़ी जायेंगे। जहां उनकी अंतिम सस्कार होगी। उनके परिजनों ने बताया कि अंकित कुमार दास चार भाईयो मे सबसे छोटे थे। सबसे बड़े भाई का नाम गणेश दास, दूसरा अगबलाल दास तथा तीसरा मोहन दास है। उक्त सभी भाई खेती गृहस्थी कर परिवार का जीविकापार्जन करते है। उनके माता–पिता पहले ही स्वर्गवासी हो चुके है। अंकित कुमार दास उनके परिवार मे एकलौता आदमी थे जो सरकारी नौकरी मे थे। उनकी शादी चार वर्ष पूर्व ठाकुर गंज मे ही पूजा सक्सेना नाम के लड़की से हुई थी। उनकी एक तीन साल कि बच्ची प्रियंका तथा एक साल का लड़का आहिस कुमार है। दोनों बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया।

## मोतिहारी में मंत्रियों के सामने ही जदयू कार्यकर्ताओं के बीच चले लात–घूंसे,चुनाव जीतने का मंत्र देने पहुंचे थे 'नेताजी'

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ**

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने के लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उन्होंने जदयू का जिला स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करने के लिए सात टीम बनायी। इस टीम में कुल 63 नेताओं को शामिल किया गया। 24 नवंबर से जदयू का महाअभियान शुरू है। इसी क्रम में मंत्री अशोक चौधरी के नेतृत्व में पूर्वी चंपारण जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 15 दिसंबर को किया गया था। इस कार्यक्रम में जदयू कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पूर्वी चंपारण जिला जनता दल यू के जिला सम्मेलन में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी के अलावा विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार, विधान पार्षद संजय सिंह पहुंचे थे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी भाषण समाप्त करके पोडियम से अपनी सीट की तरफ जाने लगे. उसी समय दर्शक दीर्घा से एक व्यक्ति कुर्सी पर खड़ा होकर शोर मचाने लगा. कार्यक्रम के समाप्ति पर मंच पर ही कार्यकर्ता आपस में उलझ गए. आपस में जमकर हाथापाई भी हुई है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार व विधान पार्षद संजय सिंह के सामने ही कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान भगदड़ मच गयी. बताया जाता है कि मारपीट के दौरान ही सभी वरिष्ठ नेता चले गये. पार्टी में गुटबाजी का परिणाम भी बताया जा रहा है. कार्यक्रम में मारपीट होने के सवाल पर जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा ₹कोई मारपीट नहीं हुई है. मंच पर भीड़ हो गयी थी, इसलिए थोड़ी अफरातफरी मची थी.जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं के सामने ही मंच पर लात–घूसे चलने की खबर ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है. हालांकि पार्टी की ओर से मारपीट नहीं होने की बात कही जा रही है, लेकिन वीडियो में मारपीट होते दिख रहा है। पार्टी के कुछ नेताओं का कहना था कि अशोक चौधरी को सम्मानित किया जा रहा था। कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ गयी थी। इस दौरान जिलाध्यक्ष के पुत्र ने एक कार्यकर्ता को मंच से उतारना चाहा, जिसको लेकर बात बढ़ गई. मामला हाथापाई तक पहुंच गया।मंत्रियो के सामने ही मारपीट होने लगी।

## मेधा मूल्यांकन प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र हुआ जारी मंगलवार तक विद्यालयों में पहुंचेंगे

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

परीक्षा में भाग लेने का बच्चों में दिखा उत्साह। नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रति वर्ष दिसंबर महीने में आयोजित होने वाली अनुमंडल स्तरीय मेधा मूल्यांकन प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र आज जारी कर दिया गया। प्रवेश पत्र जारी करते समय नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह सेवा निवृत स्टेशन अधीक्षक जय कुमार श्रीवास्तव, मंच के मिडिया प्रभारी रघुवंश मणि पाठक मौजूद रहे ।उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में यह परीक्षा बगहा के बच्चों के लिए एक नजीर है। इसमें अभिभावकों को अपने बच्चों की भागीदारी दिलानी चाहिए। क्योंकि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता बच्चों के विकास के लिए बहुत जरूरी है।के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि इस साल 510 बच्चे भाग ले रहे हैं। जिसमें 22 शिक्षण संस्थानों के बच्चे शामिल हो रहे हैं ।यह परीक्षा बच्चों में जी.एस. को मजबूत करता है। यह परीक्षा उन्हें जनरल कंपटीशन हो, यूपीएससी या बीपीएससी एवं आइएएस की परीक्षा के लिए तैयार करता है ।अतः इस परीक्षा के महत्व को सभी लोगों को समझना चाहिए ।इस अवसर पर परीक्षक के भाग लेने वाले लोगों से परीक्षा कैसे लेना है? पर चर्चा की गई ।इस अवसर पर मनोज मिश्र, रविकेश तिवारी, कुमारी कुमकुम, कुमारी साहिस्ता आयुषी अर्क, आसानी पाठक, पलक कुमारी, खुशी कुमारी, अंकित मिश्र पलक कुमारी, जसवाल, धनेश कुमार, रागिनी कुमारी, शशिकांत पाठक जैसे दर्जनों लोग शामिल हुए । सचिव निप्पू कुमार पाठक ने बताया कि यह परीक्षा 22 दिसंबर 2024को बाबा भूतनाथ महाविद्यालय अवसानी के प्रांगण में आयोजित होगी इसकी का प्रशिक्षण दिया गया । परीक्षा भवन में जो लोग परीक्षक या निरीक्षक के रूप में रहेंगे। उनके एक परिचय पत्र दिया जाएगा। अन्य लोगों को परीक्षा भवन मे प्रवेश वर्जित रहेगा ।एडमिट कार्ड जारी करते समय मीडिया प्रभारी रघुवंश कुमार पाठक ने सभी लोगों से समय से पहुंचने के लिए कहा। बच्चों को 10:00 बजे से प्रवेश दिया जाएगा ।10:20 पर ओएमआर शीट और 1:00 बजे बच्चों को छोड़ा जाएगा ।बच्चों को नाश्ते के रूप में बिस्कुट का पैकेट दी जाएगी।

## अग्नि शामक पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण,आग से बचाव को लेकर दी गई जानकारी

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा।** अग्नि शामक पदाधिकारी के द्वारा योगगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आग से बचाव के लिए लगे फायर गैस पाइप गैस सिलेंडर समेत अन्य उपकरणों की जांच की गई। जांच के दौरान अग्नि शामक विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि आपातकाल की स्थिति से निपटने के लिए सभी आग से बचाव के लिए उपकरण व सामग्री उपलब्ध रहना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को समय समय पर अपने स्टाफ को अग्निसुरक्षा उपकरण को चलाने एवं आपात स्थिति में निपटने के लिए प्रशिक्षण दिए जाने के भी निर्देश दिए। देश के कई जगह अस्पतालो में हुई आग लगने की घटना के बाद विभाग इसको लेकर सतर्क है संस्थानों, अस्पतालो, मॉल सहित बड़ी जगह पर जहां जनहानि की आशंका अधिक हो दिशा निर्देश और जागरूकता, प्रशिक्षण के माध्यम से अभियान चला रहा है। सीएचसी के प्रभारी अब्दुल गनी, स्वास्थ्य मैनेजर, अकाउंटेंट सतीश कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## राजद पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान देने वाली पार्टी: पिंकु भैया

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर ।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर प्रति महिलाओं को ₹माई–बहिन योजना₹ के तहत ?2500 देने की घोषणा की राजद के नेता राजीव रंजन और पिंकू भइया ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव ने हमेशा से युवाओं, महिलाओं और मजदूर और किसानों के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। यह योजना के अंतर्गत महिलाएं और सशक्त होंगी और अपनी परवरिश और शिक्षा के साथ–साथ मिलने वाली राशि को अन्य कार्यों में भी उपयोग कर सकती हैं। पिंकू भइया ने कहा है कि तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए एक बड़ा फैसला लिया है, जो कि देश के किसी भी नेता ने पहले नहीं किया था। उन्होंने महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने की घोषणा की है, जो कि राजद पार्टी की महिलाओं के प्रति सम्मान और मान–सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कहा कि लालू यादव ने गरीब तबके से लेकर हर लोगों को विधानसभा से लेकर लोकसभा तक भेजने का काम किया है और राजद पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान देने वाली पार्टी है। आगे पिंकू भइया ने कहा है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री बनना तय है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपने 17 माह के कार्यकाल में लगभग 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया है, जो उनकी एक बड़ी उपलब्धि है। राज्य के सभी जाति धर्म के लोग चाहते हैं कि 2025 में मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बनाकर बिहार को प्रगति और खुशहाली बनाने का काम करें। उन्होंने यह भी कहा है कि वे तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव के किए गए घोषणाओं और कार्यों को जनता के बीच जाकर बताने का काम करेंगे और 2025 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए लोगों से अपील करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मारपीट में दो महिलाएं समेत पांच लोग घायल



एकमा (सारण)। आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की अलग–अलग घटनाओं में दो महिलाएं समेत पांच लोग घायल हो गये। घायलों में हंसराजपुर गांव के संजय सिंह, खड़रहिया गांव की ममता कुमारी, गीता देवी, बुढ़ाई पंडित, गौतम पंडित आदि शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल में जुट गयी है। इस मामले में अबतक किसी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### हरियाणा से 4.5 लाख रुपये चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

एकमा (सारण)। हरियाणा राज्य के फरिदाबाद जिले की पुलिस ने शहर के एक कारोबारी के प्रतिष्ठान से साढ़े चार लाख रूपये चोरी करने के फरार आरोपित एकमा बाजार के निवासी रामजी गुप्ता के पुत्र विशाल गुप्ता को एकमा थाने की पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी फरिदावाद क्राइम ब्रांच के हवलदार संदीप ने दी है। इस संबंध में आरोपित के विरुद्ध केस नंबर 300/21नवम्बर 24 धारा 306 बीएनएस बीपीटीपी पंजिकृत है। बताया जाता है कि आवश्यक वैधानिक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद फरिदाबाद जिले की पुलिस गिरफ्तार आरोपित विशाल गुप्ता को आवश्यक सुरक्षा के साथ फरिदावाद न्यायालय में प्रस्तुत करने लिए आवश्यक सुरक्षा के साथ लेकर चली गई।

### विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी प्रारंभ।



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती/ कहलगांव। तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी का शंख नाद हो गया। कार्यक्रम स्थल पर समतलीकरण प्रारंभ हो गया। महोत्सव 20 से 22 दिसंबर तक होगा। त्रिदिवसीय महोत्सव में राज्य सरकार,तथा एनटीपीसी कहलगांव के दिशा निर्देश में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर जेसीबी मशीन और मजदूरों से काम किया जा रहा है। इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों , छात्रों, छात्राओं के द्वारा आनेक कार्यक्रम होगा। कलाकारों का ऑडिशंस पूरा हो चुका है।

### दस लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार बाइक जब्त



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां।पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार से गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाते हुए एक दोपहिया वाहन को जब्त किया है उपरोक्त तथ्य की जानकारी प्रदान करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार निवासी कृष्णा प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार को दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है जबकि एक बालक को विधि निरुद्ध किया गया है उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पकरीबरावां के बढोना छिलका तालाब से एक अज्ञात युवक का शव बरामद

लोकतंत्र की आवाज

छिलका तालाब से एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** गला एवं बाएं हाथ का नस काटकर तालाब में फेका युवक कापकरीबरावां थाना क्षेत्र से एक सनसनी खेज खबर अभी –अभी सामने आ रही है जहां रविवार को पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बढोना के छिलका तालाब से एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह ग्रामीणों ने तालाब में एक युवक का शव तैरते हुए देखा इसके बाद मामले के सूचना पकरीबरावां पुलिस को दी सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला एवं शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया घंटों शब की शिनाख्त नहीं होने के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष ने मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक नवादा को दी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमन के निर्देश पर एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की देर दोपहर तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है इधर मामले को लेकर पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव छिलका तालाब में पड़ा हुआ है एफ एस एल की टीम को घटना स्थल पर बुलाया गया है एफ एस एल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले जांच कर रही है।लव अफेयर का भी हो सकता है मामलाअनुमानतः जिस तरीके से युवक की हत्या की गई है उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मामला लव अफेयर से भी जुड़ा हो सकता है पुलिस उस बिंदु को मानते हुए भी जांच कर रही है क्योंकि अपराधियों ने बड़े ही निर्दयता से युवक के बाएं हाथ का नश एवं गला को काट डाला एवं छिलका तालाब में शव को लाकर फेंक दिया हालांकि घटना स्थल पर सड़क से तालाब तक ले जाने के दौरान खून का कुछ बूंद भी गिरा हुआ पाया गया पुलिस का मानना है कि हत्यारों ने किसी दूसरे स्थान पर युवक की हत्या कर शव को तालाब में लाकर फेंक दिया है । अब देखना यह है कि पुलिस उक्त हत्या की गुत्थी कैसे सुलझा पाती है ।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** नवादा– जमुई पथ पर पिण्डपडवा मोड़ गैस गोदाम के पास रविवार को सड़क हादसे में पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दक्षिणी ग्राम पंचायत के मोहनबीघा गांव निवासी लक्ष्मीनारायण चौहान के पुत्र कमलेश चौहान की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक अपने खेत की सिंचाई कर बाइक से अपना घर लौट रहा था। इस दौरान कचना मोड़ की ओर से आ रहे पिकअप वाहन और बाइक में आमने– सामने की टक्कर हो गई। जिससे घटनास्थल पर ही कमलेश की मौत हो गई। घटना के विरोध में गुस्साए लोगों ने नवादा–जमुई पथ पर मृतक की लाश रखकर सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोग वरीय पदाधिकारी के आने एवं मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। घटना की जानकारी मिलने पर एसआई अभिषेक कुमार, एसआई स्नेहा कुमारी एवं एएसआई चन्दन कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों की मदद से जाम हटाने का प्रयास कर रहे हैं। जाम के कारण ठंड में यात्रियों को भारी परेशानी हुई। घटना के बाद परिवार वालों का रो– रोकर बुरा हाल है। मृतक का एक छोटा बच्चा है। परिवार वालों को उसके परवरिश की चिंता सता रही है।

## तीन माह से खराब पड़े नल का जल को ले ब्लॉक पहुंचे गुस्साऐ लोग



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की गुलनी पंचायत के वार्ड नंबर 15 में नल का जल बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस समस्या को ले दर्जनों लोग शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुंचें। प्रखण्ड कार्यालय परिसर में वार्ड नम्बर 15 हनुमानगढी के कैलाश मांझी, सुन्दरवा देवी, जगवा देवी, मनसा देवी, यशोदा देवी, हारो देवी आदि ने बताया कि तीन माह से 15 नम्बर वार्ड में दोनों नल का जल योजना बंद है। बताया गया कि पानी के बिना भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने इसकी शिकायत प्रखण्ड कार्यालय में करते हुए आवेदन दिया है। पंचायत के मुखिया मनोज चौरसिया से पूछने पर बताया कि वार्ड नम्बर 14 में एक एवं वार्ड नम्बर 15 में दो नल का जल बंद है। बताया गया कि पीएचइडीई के जिम्मे यह कार्य है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना विभाग को दी गई है, पर अबतक इसे ठीक नहीं किया गया है।

## बिहार: मरिचहवा निवासी अवधेश यादव पिता श्री लाल पहाड़ी यादव के पुत्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस मे चयनित हुए

लोकतंत्र की आवाज

मधुबनी से सूरज यादव

**बिहार।** राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले के मधुबनी प्रखंड के मधुवा पंचायत के मरिचहवा ग्राम के निवासी अवधेश यादव ने बहुत कम उम्र में ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस में चयनित होकर इतिहास रच दिया है। उनकी इस उपलब्धि से ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है।अवधेश यादव की प्रारंभिक शिक्षा मरिचहवा में संचालित हो रहे प्राइवेट विद्यालय एसएसडी पब्लिक स्कूल से हुई है, जबकि 12वीं की शिक्षा उन्होंने पडरौना उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज से प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से मरिचहवा गांव में लोगों में अपने बच्चों के प्रति पढ़ाई–लिखाई में जागरूकता उत्पन्न हो रही है।अवधेश यादव के पिता श्री लाल पहाड़ी यादव एक गरीब किसान हैं, जिन्होंने अपने बेटे को पढ़ा–लिखा कर केंद्रीय रिजर्व पुलिस में चयनित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्होंने अपने बेटे को इतना पढ़ा–लिखा कर आगे बढ़ाया है और माता–पिता और ग्रामीणों का मान–सम्मान और लॉज रखा है।



## राजद कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय रसीद काट कर प्राथमिक सदस्यता दिलाया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर ।** भोजपुर, जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने नयका टोला के पास राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय जनता दल 2025–28 के लिए रसीद काट कर प्राथमिक सदस्यता दिलाया।विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के उन लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़वाने में मदद करें जिनका नाम वोटर लिस्ट से कट गया है या जिन लोगों की उम्र 18 वर्ष हो गई है। वही विधायक ने अपनी पार्टी में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने के लिए अपील की। इस दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के 17 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया और उनसे अपील की कि वे इन उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव के 17 माह के कार्यकाल में राज्य में कई महत्वपूर्ण काम हुआ था और उनकी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। आगे विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सरकार बनती है, तो सभी संविदा कर्मियों को स्थाई किया जाएगा। इसके अलावा, वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ?1500 किया जाएगा और प्रत्येक महिला को माई– बहिन मान योजना के तहत 2500 रुपये का भत्ता दिया जाएगा।

## डॉ. अनुज के हाथों प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन–05 का हुआ उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार

**नवादा ।** नवादा नगर के हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित स्टेडियम प्रीमियर लीग का पांचवा संस्करण का आरंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन नवादा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद ,समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज ने फीता काटकर किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन देव जीत भारद्वाज एवं चैलेंजर टीम के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 20 टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक मैच 16 16 ओवर का होगा और फाइनल मैच 20 ओवर का रहेगा। उद्घाटन मैच पकरीबरामा बनाम पार नवादा था। इस मैच का आगाज करने पहुंचे डॉ अनुज ने सबसे पहले बारी–बारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय हाथ मिलाकर किया। फिर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज नवादा जैसे छोटे शहर से भी निकल कर क्रिकेट में खिलाड़ी अपना नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं । इस तरह का आयोजन से खेल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ता है।आज नवादा का लाल ईशान किशन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बन चुका है। सभी खिलाड़ियों एवं आयोजक को धन्यवाद दिया। इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक में से देवजीत भारद्वाज एवं वार्ड नंबर 15 के वार्ड सदस्य बिल्लू चौधरी का योगदान सराहनीय रहा। टूर्नामेंट के प्रायोजक में से सुभाष ज्वेलर्स,क्षितिज फार्मा एवं नवादा जिले के प्रसिद्ध मिष्ठान दुकान गणपति स्वीट्स का भी सहयोग प्रशंसनीय रहा।

## पिस्टल का मैगजीन और कारतूस बरामद करने के लिए पुलिस अभियुक्त के घर पर कर रही रेड

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर ।** भोजपुर, भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला में जिओ पेट्रोल पंप के पास गत गुरुवार को तीन पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी पिस्टल छीनने की घटना के सिलसिले में पुलिस ने घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी और पिस्टल का मैगजीन व 6 कारतूस बरामद करने के लिए पुलिस अभियुक्त के घर पर रेड और दबिश बनाई हुई है।

इस मामले में 9 नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और सरकारी पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने गिरफ्तार दोषियों के विरुद्ध स्पीड ट्रायल चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि उन्हें सख्त सजा दिलाई जा सके। इस घटना में घायल सिपाही हरेंद्र कुमार के बयान पर 13 नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। थाना अध्यक्ष विगाउ राम ने बताया है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस कप्तान भी नजर बनाए हुए हैं।

## एसडीओ ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन इंटर विद्यालय के खेल मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** उद्घाटन मैच में धरहरा ने धमौल को हराय पकरीबरावां प्रखंड के ढोढ़ा गांव स्थित इंटर विद्यालय के खेल मैदान पर रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। आजाद हिंद युवा स्पोर्टिंग क्लब ढोढ़ा के सौजन्य से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सदर एसडीओ अखिलेश कुमार एवं धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद पदाधिकारियों एवं मौजूद गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। एसडीओ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बेहतर खेल दिखाकर खुद को साबित करें। उन्होंने कहा खेल को खेल भावना के साथ ही खेलें ताकि इसकी लोकप्रियता बरकरार रहे। थानाध्यक्ष ने भी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। इससे पूर्व आयोजक द्वारा पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजन कमिटी प्रमुख रामलखन कुमार, समाजसेवी देवेंद्र पंडित, संजय साव, दिलीप कुमार सिंह, कुंदन कुमार, सुनील रजक, गौरव कुमार आदि थे।उद्घाटन मैच में धरहरा ने धमौल को हराया ढोढ़ा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच धरहरा एवं धमौल के बीच खेला गया। टॉस धरहरा टीम के कप्तान ने जीता एवं धमौल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी धमौल की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई। एक के बाद एक विकेट गिरते गए। इस तरह टीम विवेक, प्रिंस एवं पिंटू की सटीक गेंदबाजी के आगे निर्धारित सोलह ओवर से पहले 12वें ओवर में महज 76 रन पर ऑल आउट हो गई। धमौल की ओर से आसिफ ने 16 गेंद पर 26 रन बनाए। विवेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवरों में महज 8 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं, पिंटू एवं प्रिंस को तीन– तीन विकेट मिले।जवाबी पारी खेलने उतरी धरहरा की टीम ने छोटू द्वारा खेले गए 33 गेंदों में 51 रनों की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत मैच को चार विकेट खोकर जीत लिया। छोटू ने अपनी पारी के दौरान 6 चौके एवं 3 छक्के लगाए।मैच समाप्ति पर बेहतरीन गेंदबाजी के लिए विवेक को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आयोजक ने बताया कि दूसरा मुकाबला सोमवार को मेजबान ढोढ़ा एवं मरकामा के बीच खेला जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ना चैन लेंगे ना चैन लेने देंगे



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह ,झारखंड। जी हां गिरिडीह के सिहोडीह की कहानी भी कुछ अजीब है क्षेत्रफल के मामले में तो सिहोडीह भी काफी फैला हुआ घनी आबादी वाला क्षेत्र है, इसकी कहानी यहां बचे हुए कुछ पुराने अनुभवी लोग द्वारा आप सुनकर समझ सकते हैं एक मिश्रित भाव चेहरे पर आती है और आते आते कहीं गुम हो जाती है परंतु अभी यहां मैं पिछले 4 महीने से सिहोडीह में नाली निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों के तकलीफ परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है लंबे समय से नाली निर्माण कार्य चलते रहने के कारण स्थानीय लोगों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है जिसमें छोटे–बड़े दुकानदार भी शामिल है।वैसे अभी वर्तमान में कार्य गति कुछ कम हुई है लेकिन चुनाव पूर्व यहां रात दिन लगातार काम चला रहा था, तथा व्यस्ततम सड़क होने के कारण वाहनों का भी लगातार आना–जाना लगा रहता है और इस कारण इतनी धूल उड़ती है कि आपका कुछ समय तक यहां खड़ा रहना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है, रही बात सिहोडीह मोहल्ला के निवासियों की तो वह सभी इस मुसीबत को झेलने के आदी हो चुके हैं करें तो क्या करें जाएं तो जाए कहां?

### चंदन ज्वेलर्स का घंघरी बाजार मे हुआ शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज
अशोक अनन्त,हंटरगंज
हंटरगंज (चतरा)। प्रखण्ड के प्रसिद्ध घंघरी बाजार पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप उदय गुप्ता के मकान में चंदन ज्वेलर्स का पूजन अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर विजय कुमार सोनी ने बताया की हमारे यहाँ शुद्ध सोने चांदी के उत्तम और सभी प्रकार के आभूषण उचित मूल्य के साथ ग्राहकों को मिलेगा,लोगों की संतुष्टी हीं हमारा ध्येय है। इस मौके पर अंशु स्टील के सत्यम गुप्ता, प्रिंस आर्ट समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।


### देवघर का प्राइवेट बस स्टैंड बीमारियों का अड्डा





लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह ,झारखंड। बाबा नगरी देवघर यानी बैद्यनाथ धाम झारखंड सरकार के अरबों खरबों कमाई का क्षेत्र, सावन तथा भादो महीने में सारे समय पूरी शहर में पर रखना को भी जगह नहीं आसानी से मिल पाती है। यहां मात्र झारखंड ही नहीं बिहार एवं अन्य प्रदेश से भी लोग आकर अपनी रोजी–रोटी का जुगाड़ पाते हैं हिंदू ही नहीं मुस्लिम भी, फिर ऐसे धार्मिक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक की ऐसी उपेक्षा धार्मिक ही नहीं राष्ट्रीय क्षति भी है।

### पलामू में संदिग्ध अवस्था में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू( झारखंड)। जिले के छत्तरपुर सदर थाना क्षेत्र के देवताही गांव के सिरसिया टोला में घर से संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान छत्तरपुर थाना क्षेत्र के मगर यादव के 28 वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव के रूप में की गई है. पुलिस के मुताबिक मृतक के गले में निशान भी मिले हैं. पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है.
दरअसल, रविवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि देवताही गांव में एक युवक का शव घर पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है. सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया. युवक के गले पर गहरे निशान मिले हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पति–पत्नी के बीच कुछ कहासुनी होने की बात बतायी जा रही है.
**छानबीन में जुटी पुलिस** : इस संबंध में छत्तरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. उन्होंने बताया कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है. जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

# पुलिस के रडार पर कई आपराधिक गिरोह, आगजनी करने वालों पर प्रशासन रख रही खास नजर

- आपराधिक और नक्सली के खिलाफ पुलिस की मुहिम तेज़



**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** जिले में आपराधिक और नक्सली संगठनों से जुड़े कई गिरोहों को पुलिस ने अपने रडार पर लिया है. सभी गिरोहों पर निगरानी बढ़ा दी गई है. साथ ही जेल से बाहर आने वाले अपराधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

दरअसल, नक्सली संगठन भाकपा माओवादी और टीएसपीसी लेवी के लिए आगजनी की घटनाओं को अंजाम देते थे. पिछले तीन महीने में पलामू रेंज के लातेहार समेत कई इलाकों में आगजनी की आठ घटनाएं हुई हैं. पुलिस ने पांच मामलों में अलग–अलग गिरोहों को पकड़ा है. आगजनी की कई घटनाओं के तार कुख्यात आपराधिक गिरोह अमन साव से भी जुड़े हैं. आगजनी और हिंसा की घटनाओं को लेकर पुलिस काफी गंभीर हो गई है और रोड मैप भी तैयार कर लिया है।पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश का कहना है कि मामले में पलामू, गढ़वा और लातेहार एसपी को कई दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं. अधिकांश आगजनी की घटनाओं में नए गिरोह शामिल रहे हैं. पुलिस पूरे मामले को लेकर गंभीर है और कई गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है. डीआईजी ने बताया कि जेल से बाहर आने वाले अपराधियों के अलावा संदिग्ध तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है और उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**नक्सल एवं अपराध से जुड़े लोगों ने बनाया है नया गिरोह :** पुलिस की कार्रवाई में कई खुलासे हुए हैं. हिंसक घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्य नक्सलियों और आपराधिक गिरोहों से जुड़े रहे हैं. लंबे समय तक जेल में रहने के बाद नक्सलियों और आपराधिक तत्वों ने गठजोड़ कर लिया है. जेल से बाहर आने के बाद नया गिरोह बना लिया है. इसी तरह के गिरोह कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. पुलिस ने रोड मैप तैयार कर लिया है और पलामू, गढ़वा और लातेहार में इन सभी के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीमें तैनात कर दी गई हैं।

## भारतीय किसान संघ जिला के द्वारा जरूरतमंदों के लिए गया कंबल वितरण



**लोकतंत्र की आवाज**

- समाज की हर समस्याओं का समाधान करने के लिए हम सभी को मिलजुल करके सभी वर्गों के लिए एक समान विचार रखना चाहिए – सह मंत्री दिलीप महतो

**श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ**
**चतरा।** जिले के भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा टंडवा एवं सिमरिया प्रखंड के अंतर्गत जिला सह मंत्री दिलीप पेंटर ने गरीब, वृद्ध, आशाहाय जरूरत मंदो के बिच कंबल , स्वेटर,टोपी वितरण किया। साथ ही भारतीय किसान संघ के जिला सह मंत्री ने बताया कि सिमरिया प्रखंड अंतर्गत सुदुरवर्ती क्षेत्र में भी प्रवेश किया जहां चारों तरफ से जंगल है , और बीच में वहां पर बस्ती है जो सिमरिया प्रखंड अंतर्गत पीरी पंचायत में पडता है , लुपंगा गांव टोला गोटिया है। इस गांव में लगभग डेढ़ सौ से 200 व्यक्ति रह रहे हैं ।

इस बस्ती से 4 किलोमीटर में स्कूल पड़ता है , जिसमें चारों तरफ जंगल होने के कारण इन लोगों को कोई रास्ता अब तक नहीं बन पाया है। जिसके कारण यहां के छात्र–छात्राओं को पढ़ाई ,लिखाई में हो रही है दिकत। और मरीजो के साथ भी होती है दिक्कत वक्त पर रोड ना होने के कारण एंबुलेंस वहां तक पहुंच नहीं पाता है। जिसके कारण वहां के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है । मैं चाहता हूं यहां पिरी पंचायत का स्थानीय मुखिया , सांसद महोदय, एवं सिमरिया विधायक महोदय पिरि से गोटिया के लिए फॉरेस्ट विभाग से रोड दिलाने का कृपया प्रदान करें । इससे पुण्य कार्य में भारतीय किसान संघ के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के सहयोग से इस मुहिम को चलाया गया।

## गिरिडीह के बिरनी में प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का आयोजन



**लोकतंत्र की आवाज**

**अनिल कुमार ( संवाददाता )**
**प्रखंड– बिरनी गिरिडीह ।** गिरिडीह जिला के बिरनी थाना अंतर्गत पेंशम ग्राम सुईयाडीह में दिनांक 12 4.2025 से 20 4.25 तक शत चंडी महायज्ञ कार्यक्रम चलेगा। जिसमें 12.4. 2025 दिन शनिवार जल यात्रा 13.4. 20252 दिन रविवार मूर्ति स्थापना, 20 .4 .2025 दिन रविवार हवन पूर्णाहुति ब्रह्मण भोज एवं महाप्रसाद वितरण यज्ञ समिति ने सभी धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया है । मां दुर्गा को शक्ति की देवी कहा जाता है मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए जिस यज्ञ का आयोजन किया जाता है शत चंडी यज्ञ कहा जाता है तथा इस यज्ञ में 700 श्लोक का पाठ किया जाता है। प्रवचन कर्ता में साध्वी किशोरी प्रिया जो अयोध्या धाम से हैं। धर्मगुरु श्री श्री 1008 शंकराचार्य श्री नरेंद्रानंद सरस्वती( काशी सुमेरु पीठाधीश्वर) डॉक्टर शिवाकांत मिश्रा जी( मानस सरस काशी) यज्ञाचार्य डॉक्टर विनोद कुमार उपाध्याय, मानिकबाद, गिरिडीह आदि रहेंगे मौजूद।

## पलामू में पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान शुरूकिया गया है. इसके तहत पहले दिन 15 एकड़ में लगे फसल को नष्ट किया गया

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू।** जिले में पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान की शुरुआत हो चुकी है. कई इलाकों में तस्कर पोस्ता की फसल लगाए हुए हैं. जबकि कई इलाकों में लगाने की तैयारी कर रहे हैं. ऐसे में इस अभियान को तेज कर दिया गया है. पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान पहले दिन पलामू में 15 एकड़ में लगे पोस्ता के फसल को नष्ट किया गया है.

यह फसल मनातू थाना क्षेत्र के सिकड़ा और सिकनी गांव में लगाया गया था. अभियान में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के अलावा वन विभाग की टीम भी शामिल थे. मामले में पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है.

दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि मनातू थाना क्षेत्र के सिकड़ा और सिकनी में पोस्ता की फसल लगाई गई है, जिसकी तस्करों ने लकड़ी से घेराबंदी की हुई है. फसल कुछ दिनों पहले ही लगाई गई है. इसी सूचना के आलोक में मनातू थाना और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी फसल को नष्ट कर दिया. फसल करीब 15 एकड़ में लगाई गई थी. अभियान में शामिल निबंधन विभाग एवं पुलिस की टीम ने फसल को जड़ से ही उखाड़ दिया है. इस मामले में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में मनातू के इलाके में 15 एकड़ में लगे फसल को नष्ट किया गया है. पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है. 2023 में पुलिस ने 177 एकड़ में लगे पोस्ता के फसल को नष्ट किया था. पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का आकलन है कि 2024 में पलामू में बेहद ही कम इलाकों में पोस्ता के फसल को लगाया गया है.

## मंत्री शिल्पी नेता तिर्की लैंड डिजिटाइजेशन का विरोध कर रही हैं. इसके पीछे उनकी अपनी एक अलग दलील है

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** लैंड डिजिटाइजेशन झारखंड जैसे राज्य के लिए जरूरी नहीं है. यह केंद्र के द्वारा लागू की गई योजना है, जिससे झारखंड के लोग परेशान हैं. डिजिटाइजेशन के पूरी तरह से खिलाफ हैं. ये बातें कृषि एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पलामू में मीडिया के साथ बातचीत के दौरान कही हैं. इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह भी मौजूद रहे.

रविवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पलामू में विभागीय समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आंखें बंद करके झारखंड में अपनी योजनाओं को लागू कर रही है. झारखंड के हालात अलग हैं, खतियान जैसी एक बड़ी समस्या है जिसका दस्तावेज सही से नहीं होने के कारण जमीन का डिजिटाइजेशन आसान नहीं है.

जमीन के दस्तावेज ऑनलाइन नहीं रहने से कारण बड़ी संख्या में लोगों को सरकारी योजनाओं को लाभ लेने में परेशानी भी हो रही है. राज्य सरकार सभी चीजों में ठीक करने में लगी हुई है लेकिन यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे आसानी से सुलझाया नहीं जा सकता है. पिछले विधानसभा में उन्होंने आग्रह किया था कि अनुचित इलाके में जमीन के डिजिटाइजेशन को प्रमोट नहीं किया जाए.

इसके साथ ही मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रदेश में खेती को लेकर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि पलामू जिला के इलाके में कई खेती की अपार संभावनाएं हैं. यहां मत्स्य पालन 5000 टन के करीब है, जिसे और बढ़ाया जा सकता है. इस दिशा में कारगर कदम उठाए जा सकते हैं.

**लैम्पस और पैक्स का होगा सत्यापन, ब्लॉक चेन सिस्टम को किया जा रहा डेवलप :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पूरे झारखंड में लैम्पस और पैक्स का सत्यापन किया जा रहा. किसानों को भी उपलब्ध करवाने में जो भी लापरवाही बढ़ती जाएगी उसमें कारवाई की जाएगी. लैम्पस और पैक्स अवैध रूप से कार्य कर रहे थे उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा गया है. सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है. इसके साथ ही एक ब्लॉकचेन सिस्टम को डेवलप किया जा रहा है.

## थाना परिसर में नि:शुल्क कानूनी सहायता शिविर का हुआ आयोजन



**लोकतंत्र की आवाज**

**कुन्दा(चतरा)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार रविवार को कुन्दा थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भूमि संबंधी समेत कई मामलों में सुलह समझौता किया गया व लोगो को कानूनी जानकारी दी गई।वही मौके पर उपस्थित लोगों को डालसा द्वारा दी जाने अन्य विधिक सेवाएं समेत विधिक जानकारी दी गई। वही अधिकार मित्र अजित कुमार ने लोगो को बताया की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ( नालसा ) का टोल–फ्री नंबर 15100 है, इस नंबर पर कॉल करके, आप कानूनी सलाह और मार्गदर्शन ले सकते हैं। शिविर में कुन्दा पुलिस पदाधिकारी श्रीकांत पाण्डे,पीएलवी अजीत कुमार, ग्रामीण सहदेव यादव, भुनेश्वर यादव, गोविंद यादव, सिंटू कुमार समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का कटैया में विधायक जनार्दन पासवान ने किया उदघाटन

**लोकतंत्र की आवाज**



**अशोक अनन्त**
**हंटरगंज(चतरा)।** प्रखण्ड के कटैया पंचायत अन्तर्गत ग्राम घंघरी मे वंदना एच पी के पेट्रोल पंप का उदघाटन चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर किया। विधायक ने पम्प उद्घाटन के पश्चात बताया की क्षेत्र मे अच्छी शुरूआत है और लोगों को सुविधा प्रदान होगी।

क्षेत्र मे पम्प खुलने से लोगों मे उत्साह है लोगों ने बताया की डिजल पेट्रोल के लिए दुर जाना पड़ता था,नजदीक उपलब्ध होने से कृषि,उद्योग तथा सभी वाहनों के लिए सुविधाजनक होगा। पंप संचालक उपेंद्र वर्मा ने कहा की हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा प्रदत्त मानक मापदंड तथ्यों के आधार पर उपभोक्ताओं को सभी व्यवस्थायें सुलभ होगा।

इस मौके पर कटैया पंचायत के मुखिया नरेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य अजय दास, पूर्व जिला परिषद सदस्य जितेन्द्र रजक,सुनील दास, समाजसेवी युगल सिंह, बिनोद यादव, उपेंद्र साव, गायत्री साहू, यदुननदन यादव ,मुसाफिर यादव,हरिहर यादव, शिवशंकर यादव,डॉ दिलीप प्रसाद, नागेन्द्र वर्मा, अरविंद यादव,अमृतेश वर्मा,परमानन्द साहू,छोटु विश्वकर्मा, देवदर्शी मग्न,संतोष साव,मायान्नद साव समेत अन्य गण्यमान्य व स्थानीय लोग शामिल हुए।

## पेयजल आपूर्ति की 80 प्रतिशत योजना कागज पर! वाटर कंजर्वेशन पर गंभीर है हेमंत सरकार : राधाकृष्ण किशोर

**लोकतंत्र की आवाज़**



- एससूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेयजल आपूर्ति योजनाओं के कार्य पर सवाल उठाया है

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** झारखंड का पलामू प्रमंडल गर्मी के मौसम में भीषण पेयजल की संकट से जूझता है. साथ ही प्रत्येक दूसरे वर्ष यह इलाका अकाल या सुखाड़ का सामना करता है. फरवरी के महीने से ही पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर का अधिकांश इलाके में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है. करीब एक दशक बाद पलामू को झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिली है. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के छतरपुर से विधायक हैं. पेयजल समस्या, अकाल और सुखाड़ को लेकर वे कई मौकों पर आवाज उठाते रहे है.

मीडिया से बातचीत में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कई बातें कही हैं. राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि पेयजल एवं आपूर्ति विभाग की 80 प्रतिशत योजनाएं फंक्शनल नहीं है. विभाग की योजनाएं हकीकत में कुछ और कागज पर कुछ नजर आती हैं. मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि पलामू के इलाके को 1200 मिलीमीटर बारिश की जरूरत है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होती है. 700 से 800 मिलीमीटर बारिश में भी यह इलाका अकाल और सुखाड़ से जूझने लगता है.

उन्होंने बताया कि राजस्थान में 400 से 500 मिलीमीटर बारिश होती है. लेकिन राजस्थान में कम बारिश होने के बावजूद वहां की सरकार ने अपने प्रोडक्ट को आगे बढ़ाया है. झारखंड में बारिश का पानी नहीं बच पाता है. 80 प्रतिशत बारिश का पानी बह जाता है. मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार वाटर कंजर्वेशन को लेकर गंभीर है. मेदिनीनगर और छतरपुर के इलाके में पेयजल आपूर्ति को लेकर में विभागीय सचिव से बात करेंगे एवं पानी की समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे.मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विधायक मद से पेयजल आपूर्ति योजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मेंटेनेंस नहीं करता है. उन्होंने कहा कि मामले को कैबिनेट में उठाया है और कहा है कि विधायक मद या निजी क्षेत्र की कंपनियां के द्वारा पेयजल आपूर्ति योजनाओं को सरकार एडॉप्ट करें, ताकि समय के साथ पेयजल आपूर्ति योजनाओं को मेंटेनेंस किया जा सके.


## संक्षिप्त खबरें ।

### भागलपुर के बिहपुर में दो पक्षों में आपसी विवाद में जमकर मारपीट व गोलीबारी

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को देर रात झंडापुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट व दर्जनों चक्रगोलीबारी का मामला प्रकाश में आया है ।अचानक देर रात गोलीबारी से मड़वा व आसपास का इलाका थर्रा गया ।गांव में भय का माहौल बन गया ।वही घटना में दो लोगों का सिर फट गया एवं आधा दर्जन लोगों को आंशिक चोटें आई ।ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब 15– 20 राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है ।सूचना मिलते ही झंडापुर थाना पुलिस दलबल के साथ मड़वा गांव पहुंचे जहां हथियारबंद लोग मौके से फरार हो गए ।वही पुलिस ने घटनास्थल से 15 गोलियों के खोखा बरामद किया है ।मामले को लेकर दोनो पक्षों की ओर से झंडापुर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है ।एक पक्ष के इंदु देवी पति सुबोध चौधरी ने आवेदन में कहा है कि 15 दिसंबर की शाम जब कोई पुरुष सदस्य घर पर नहीं था ।इसी बीच पड़ोस के वीरू चौधरी, मिथलेश चौधरी, विकास चौधरी, राखी देवी और झंडापुर निवासी पिक्कु चौधरी, छोटू उर्फ निखिल कुमार उर्फ निखिल राय हरवे हथियार से लैस एकमत होकर अचानक घर मे घुस गया और मेरे पुत्र प्रिंस कुमार को ढूंढने लगे। आवेदन में उपरोक्त अभियुक्तों पर छेड़खानी, रंगदारी व घर मे घुसकर सोने का चैन और तेंतीस हजार रूपीए लूटपाट करने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर लात घूसों व हथियार के बट से मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। अभियुक्तों ने पुत्र की हत्या करने की धमकी दिया है ।लिखा है कि अभियूक्तगण अपराधी प्रवृति का है, कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है ।अभियुक्तो पर प्रतिदिन शाम से देर रात तक शराब पीकर हंगामा व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है ।वादिनी ने प्रशासन से अभियुक्तों पर ऊचित कानूनी कार्यवाई करने की गुहार लगाई है। वही दूसरे पक्ष के वीरू चौधरी ने आवेदन में पड़ोस के कुल दस लोगों अभियुक्तों पर आग्नेयास्त्र से लैस घर पर चढकर मारपीट कर सर फोड़ने और रायफल से गोलीबारी का आरोप लगाया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### माल गोदाम में पीड़ति परिवार से जाकर मिले डॉ. अनुज, हर संभव सहायता का दिया आश्वासन



लोक तंत्र की आवाज
सुनील कुमार

नवादा। मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के निदेशक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ .अनुज सिंह ने नवादा नगर के माल गोदाम , छाय रोड के वार्ड नंबर 9 के निवासी गंभीर बीमारी से मृत व्यक्ति के परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। ज्ञात हो कि माल गोदाम के रहने वाले स्वर्गीय मदन सिंह के पुत्र मंटू सिंह की मृत्यु गंभीर बीमारी से हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पहले डॉ. अनुज ने फोन पर ही शोकाकुल परिजनों से बात कर सहायता का आश्वासन दिया था ।अब उनके परिवार में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं बचा एकमात्र पुत्र उज्जवल कुमार जो की इंटर में पढ़ाई कर रहा है। उज्जवल कुमार को पढ़ाई लिखाई में हर संभव मदद करने के लिए भी उन्होंने कहा। पिछले कई वर्षों से मंटू गंभीर बीमारी के शिकार हो गए थे,तो उनके पूरे घर का भरण पोषण उनकी पत्नी डॉली सिंहा जो की शहर के एक कपड़े की दुकान में काम कर कर रही थी। रविवार को डॉ. अनुज ने परिवार में पत्नी तथा बेटे से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया ।साथ ही साथ उनके बेटे उज्जवल को आगे की पढ़ाई को अपने खर्चे से करवाने की बात कही। उन्होंने तत्काल परिवार से मिलकर श्राद्ध कर्म के लिए 20000 की नगद राशि प्रदान किया और कहा कि दुख की घड़ी में हम परिवार के साथ है। संवेदना प्रकट करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता विपिन सिंह, दिलीप सिंह, कृष्ण कुमार प्रभाकर संजय कुमार सोनू कुमार विपुल कुमार ,ईश कुमार ,विजय कुमार अकेला ,रूबी देवी, अनीता देवी,शशि सिंहा सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाइक पलटने से युवक की मौत एक घायल

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी, बलिया – रसड़ा–कासिमाबाद मार्ग स्थित रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के तिराहीपुर के समीप सड़क पर बने ब्रेकर से टकराकर बाइक पलटने से एक युवक की मौत हो गयी। वहीं, एक किशोर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घर–परिवार में कोहराम मच गया ।बताया जा रहा है कि धर्मजा में आई बारात के सम्पन्न होने के बाद 20 वर्षीय निखिल पांडेय (निवासी धर्मजा) व 14 वर्षीय पुनित प्रसाद (निवासी : धर्मजा) किसी को छोड़ने श्रीउरीअमहट गए थे। वहां से लौटते वक्त अचानक उनकी बाइक ब्रेकर से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रसड़ा सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान निखिल पांडेय ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एक गांव ऐसा भी जहां दीपावली पर रंगत बाकी गंदगी में जीने को मजबूर ग्रामीण, जिम्मेदारों ने मुंदी आंखे



लोकतंत्र की आवाज

ओम जैन

राजस्थान। शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ जिले का एक ऐसा भी अनोखा कस्बा है जहाँ दीपावली पर तो लाखों रुपये खर्च कर कस्बे को सजाया जाता है लेकिन बाकि के दिनों में कस्बा सफाई तक को तरसने लगा है, आमजन गन्दगी में जीने को परेशान लेकिन फिर भी जिम्मेदार आंखों पर पट्टी बांधे बैठे है।

मामला ग्राम पंचायत शंभूपुरा का है, जहाँ हाल ही में दीपावली पर तो सरकारी खजाने से लाखों रुपये लगाकर लाइटिंग कर पंचायत ने सरकारी खजाने से खूब वाहवाही लूटी लेकिन अभी इसी ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते जगह जगह गंदगी के ढेर लग रहे है, लम्बे समय से पंचायत नालो को साफ नही करवा रही जिससे गंदा पानी नालो में भरा हुआ है यही नही यादव मोहल्ला, मुख्य रोड सहित कई अन्य कॉलोनी में नालो का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुँच रहा बावजूद इसके ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव की कुम्भकर्णी नींद नही टूट रही।

**सांसद कोटे से स्वच्छता रथ इसलिए भंगार हो रहा :** हालात ग्राम पंचायत के बड़े ही दयनीय हो रहे है, खुद को भाजपा का बताने वाला सरपँच खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को ठेंगा बता रहा है, यहाँ जगह जगह गन्दगी व कचरे के ढेर लगे हुए है, यही नही गली मोहल्लों से कचरा एकत्र करने के लिए ग्रामीणों कि मांग पर सांसद कोटे से स्वच्छता रथ दिया गया लेकिन सरपँच आक्या गुट से है इसलिए उस स्वच्छता रथ को बंद करवाकर रख रखा है, जिससे शंभूपुरा कस्बा पूरा गन्दगी से सटा हुआ है।

**सरपँच आक्या गुट से इसलिए विकास में पिछड़ा क्षेत्र :** ग्राम पंचायत शंभूपुरा का सरपँच अजय चौधरी विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के गुट से है, पहले कोंग्रेस सरकार थी तो कुछ करवा नही पा रहे थे, अब भाजपा सरकार है लेकिन गुटबाजी के चलते सरपँच अपने ही विकास तक सीमित रह गए, ओरऐसे ही क्षेत्र विकास के नाम पर ओर अधिक पिछड़ गया है।

**विकास के नाम पर धूल मिट्टी, ओर गंदगी मिली:** इस 5 सालों की बात करे तो शंभूपुरा क्षेत्र को विकास के नाम पर सिर्फ धूल, मिट्टी और गन्दगी मिली है, स्थानीय फेक्ट्रियो से मिलीभगत कर ठेकेदार बने बैठे सरपँच ग्रामीणों को धूल मिट्टी तक से भी निजाज नही दिला पाए है जिससे ग्रामीणों में खासा रोष है।

**नालो के नाम पर जगह जगह खोद दिया अब हो रही दुर्घटनाएं :** क्षेत्र में नाले के निर्माण के नाम पर पूरे क्षेत्र को खुदवा तो दिया लेकिन नालो के अधूरे निर्माण के कारण आमजन को खासी परेशानी हो रही, कही जगहों पर नालो को ढका भी नही गया जो आये दिन दुर्घटना का कारण बन रहे। पूरे कस्बे में पसरी गन्दगी ओर उड़ती धूल मिट्टी, घरों में घुसते गन्दे पानी आदि कई गंभीर समस्याए झेल रहे ग्राम वासियो ने उदासीन ग्राम पंचायत के विरुद्ध रोष जताते हुए विभागीय अधिकारियों और सांसद विधायक से समस्याओं के त्वरित समाधान कि मांग कि है ऐसा नही होने पर रोड जाम कर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## बिजनौर समाधान दिवस में डीआईजी मुनिराज सिंह ने भाग लिया जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर थाने पहुंचे



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

स्योहारा। थाना समाधान दिवस में डीआईजी मुनिराज सिंह ने भाग लिया और स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उनके सामने कुल तेरह जन समस्याएं राजस्व विभाग को लेकर आई जिनमें से चार को तुरंत निस्तारण कर दिया गया तथा 9 पर टीम भेजी गई वहीं डीआईजी मुनिराज सिंह ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उसके बाद थाना परिसर में तैयार हो रही तेरह मंजिला निर्माणाधीन इमारत का निरीक्षण किया उन्होंने अधि कारियों को समयबद्धता के साथ सभी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी।

इस मौके पर उन्होंने जनता से अपील की कि ये किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस पर भरोसा रखें और सीधे थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष औरईमानदारी से समाधान किया समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ी है। शिकायतकर्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होता है। थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम करना और समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। वहीं उप श्रेत्रीय अधिकारी विजय भारत सिंह ने खेतों और जंगल जाते समय सभी से इस तरह का मास्क पहनने, झुंड में साथ जाने की भी अपील की।

इस मौके पर पत्रकार अमीन अहमद, शानू सिद्दीकी, संजय शर्मा, इमरान सिद्दीकी, कामिल हसन, के अलावा वन विभाग से हरदेव सिंह, राधे श्याम, लखमी चंद्र, तेजपाल सिंह, दीपा सेनी. उमा रानी के अलावा मो रिहान समाज सेवी मौजूद रहे।कार्यक्रम में थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## डिजिटाइजेशन व निपुण भारत मिशन में योगदान के लिए बलिया के प्रवीण कुमार तिवारी सम्मानित




लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

बलिया। डिजिटाइजेशन व निपुण भारत मिशन में योगदान के लिए बलिया के प्रवीण कुमार तिवारी सम्मानित बलिया के रहने वाले प्रवीण कुमार तिवारी बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज को पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा 9 ब्लॉक निपुण और तीन ब्लॉक डिजिटल बनाने के लिए मंत्री बेसिक शिक्षा संदीप सिंह और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पहले भी पिछले वर्ष नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रवीण कुमार तिवारी इरअ प्रयागराज को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया था। प्रवीण तिवारी के इस पुरस्कार पाने से उनके गृह जनपद बलिया में खुशी के लहर है ।इसकी जानकारी श प्रवीण तिवारी जी के छोटे भाई प्रतीक तिवारी ने दी इस अवसर पर डॉ .विवेक चौबे आशुतोष त्रिपाठी ध्रुव वर्मा रवि जायसवाल हैप्पी पांडे धनंजय सिंह आदि मौजूद थे

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अधिवेशन की सरगर्मी तेज



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया। कर्मचारी हितों व उनकी मांगों के लिए प्रान्त से लेकर जनपद स्तर पर अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के 23 दिसम्बर को होने वाले द्विवार्षिक अधिवेशन की सरगर्मी तेज हो गई है। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी व प्रांतीय महामंत्री शिवबरन यादव होंगे। अधिवेशन की सफलता के लिए संगठन के मंत्री वरिष्ठ कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पाण्डेय एक सप्ताह से विभिन्न कार्यालयों में संपर्क कर रहे हैं। विगत दिनों में उद्यान विभाग, विकास भवन, कृषि भवन, सिंचाई विभाग, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, प्रोबेशन ऑफिस, कोषागार, पीडब्ल्यूडी, नलकूप, मलेरिया विभाग, परिवहन, आईटीआई, टाउन पालीटेक्निक, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, होमगार्ड संघ, शहर के सभी बड़े कॉलेजों व इंटर कॉलेजों के अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने के बाद रविवार को भी उन्होंने सुशील त्रिपाठी, विनोद मिश्र, अनिल यादव व ददन यादव के साथ उत्तरप्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ जी चंद्रशेखर उद्यान में चल रही बैठक के दौरान पहुंच कर पदाधिकारियों को अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया।

इस दौरान उन्होंने अधिवेशन के लिए सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक केसरी, अनिल सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, निर्भय शंकर राय, सुधीर उपाध्याय, पुष्पराज सिंह व राजेश सिंह आदि को अधिवेशन का आमंत्रण पत्र दिया। कर्मचारी नेताओं से मुलाकात में विगत वर्षों में जनपद स्तर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा अलग–अलग संगठनों के संघर्षों में कर्मचारी सदस्यों के मान–सम्मान एवं उनकी मांगों को पूरा कराने का हवाला देते हुए कहा कि इसमें महाविद्यालय शिक्षक संघ, डिप्लोमा इंजीनियर संघ व लेखपाल संघ का आन्दोलन मुख्य रहा है। कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला इकाई ने अन्य विभागों के सेवा संवर्गों में आने वाली कठिनाईयों का भी समाधान कराने में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है तथा आगे भी कर्मचारी हितों की रक्षा करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वेदप्रकाश पाण्डेय ने जानकारी दिया कि संघों के नियमावली के अनुरूप राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा ससमय अपना अधिवेशन व चुनाव की प्रक्रिया कराये जाने का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। जो हमेशा समय से कराया जाता रहा है। इसी क्रम में द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव 23 दिसम्बर को सुबह साढ़े दस बजे गंगा बहुद्देशीय सभागार में कराया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कर्मचारियों से अपने संगठन के अधिक से अधिक सदस्यों के साथ अधिवेशन में अपनी उपस्थिति देने की अपील की।

## बिजनौर पाडली पास माफियाओं ने काट डाला आम का हरा भरा बाग





लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

किरतपुर। उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के लिए हर वर्ष करोड़ों की संख्या में पौधे लगाकर एवं हरे–हरे पेड़ों का कटान बंद कराकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने का कार्य कर रही है। लेकिन लकड़ी माफिया प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों को काटकर योगी सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे है। लकड़ी माफियाओं का कभी रात के अंधेरे में तो कभी सुबह तड़के प्रतिबंधित पेड़ों पर आरा रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के गांव मौअज्जमपुर रोड स्थित गांव पाडली का सामने आया है जहां पर शनिवार को लकड़ी माफियाओं ने आम का बाग काट डाला। जानकारी करने पर ठेकेदार द्वारा परमिशन होने की बात कही गई। सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि उक्त ठेकेदार के पास सिर्फ 10 या 15 पेड़ों की परमिशन थी। लेकिन ठेकेदार ने 40 से 50 पेड़ काटे हैं। जिससे साफ होता है कि माफिया अधि कारियों को भी गुमराह कर रहे हैं। अब सवाल यह भी पैदा होता है कि जब हरे भरे आम शीशम ओर सागौन के पेड़ों को काटना प्रतिबंधित है तो संबंधित इस तरह की परमिशन क्यों देते हैं। ओर सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए वन विभाग के द्वारा हरे–भरे पेड़ लगवाती है तो फिर वन विभाग द्वारा भरे भरे आम के पेड़ों को काटने की परमिशन विभाग कैसे देता है। वहीं सरकार की मनसा है कि अधिक से अधिक हरे भरे पेड़ लगाए जाएं क्योंकि वह वातावरण को आक्सीजन प्रदान करते हैं और उचित वर्षा बनाए रखने में भी मदद करते हैं। पेड़ों की अनुपस्थिति मिट्टी पानी को रोकने में सक्षम नहीं होती और बाढ़ का कारण बनती है। पेड़ों को काटने से जीव जंतु भी अपनी जगह खो रहे हैं, और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इतना सब कुछ होते हुए भी इस नफा नुकसान को जेब में रखकर कुछ लकड़ी माफिया हरे–भरे प्रतिबंधित आम के पेड़ों को काट रहे हैं। आम के पेड़ काटने की ताजा घटना क्षेत्र के गांव पाडली की सामने आइ है। जहां दिनदहाड़े आम के हरे भरे पेड़ों पर आर चलाया गया है। सूत्रों द्वारा पता चला कि ठेकेदार कहींबाहर का नहीं बल्कि नगर के एक मोहल्ले का रहने वाला है। सूत्रों ने बताया कि उक्त ठेकेदार द्वारा पूर्व में भी नगर के मोतीचूर के पास खड़े आम के बाग को काटा गया था।

समाचार भेजे जाने तक जब इस संबंध में हमने एसडीएम नजीबाबाद से संपर्क किया तो नंबर व्यस्त आ रहा था। और इस मामले में जब हमने वन विभाग दरोगा नीतीश कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त बाग को काटने की परमिशन दी गई थी। और यह परमिशन 42 पेड़ों की थी। जब हमने उनसे कहा कि प्रतिबंधित पेड़ों की आखिर परमिशन क्यों दी जाती है तो उन्होंने बताया कि इसमें हमारे विभाग के अलावा तहसील व हॉर्टिकल्चर अधिकारी व एसडीएम की सहमति है।

## बेटी के विदा होते ही कुछ देर के बाद घर में लगी आग, 70 हजार नगदी एवं जेवरात लाखों की संपत्ति जलकर खाक



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत वार्ड नंबर 2 में रविवार को लगभग 5:00 बजे शाम में दो फूस के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगने से लाखों की छती होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक, पेनटुश पंडित पिता विष्णुदेव पंडित, अरुण पंडित पिताजी विष्णु देव पंडित, जो दोनों भाई का घर बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पेनटुश पंडित ने अपने पुत्री की शादी 11 दिसंबर को किया था और 15 दिसंबर यानी रविवार को शाम के 4:30 बजे विदा किया ।पुत्री की विदा होने के बाद ही अचानक शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई । आग लगने से घर में रखे नगदी 70000 रुपए व जेवरात जलने की बात घर वाले कह रहे हैं।

निशा देवी ने बताया कि मैं अपनी पुत्री की बिदा करने के बाद जब मैं घर आई तो देखी कि अचानक घर में आग लग गई है। जिसमें दो बकरी के बच्चे की जलने की बात बताई। निशा देवी की पुत्री चांदनी कुमारी ने बताया कि मैं अपनी बहन के शादी में अपनी मां के घर आई थी और मैं खुद अपना जेवर और मां के जेवरात घर में रखे थे ।जो जलकर राख हो चुका है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि दोनों भाई मजदूर हैं। और गांव में ही रहकर मजदूरी करते हैं ।इन्हें सरकार के द्वारा सरकारी मुआवजा मिलना चाहिए ।ताकि अपना घर फिर से बस सके। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। आग लगने के दरमियान एक सिलेंडर गैस फटने से आग काफी फैल गया। जिस कारण आग पर काबू पाना काफी मुश्किल हो रहा था ।प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और काफी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात निशा देवी ने बताई।

## बालिका को तेज रफ्तार पिकअप वैन ने रौंदा, ग्रामीणों ने शव को एनएच पर रख लगाया जाम



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया। नरहीं थाना क्षेत्र के बिलरिया गांव के सामने रविवार की दोपहर एनएच–31 पर पिकअप ने बालिका को रौंद दिया और भाग निकला। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बालिका का शव सड़क पर रखकर आवागमन ठप कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ सदर श्याम कांत मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे बाद जाम समाप्त कर दिया।

बताया जाता है कि रविवार को अपराह्न में बिलरिया गांव निवासी जहांगीर अंसारी की आठ वर्षीय बेटी रूजमा चौरा मार्ग से जैसे ही एनएच 31 पर आई। वैसे ही भरौली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मारते हुए बालिका को घसीटते हुए कुछ दूरी तक चला गया और गाड़ी को लेकर चालक भाग निकला। लेकिन ग्रामीणों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया। इसके बाद भी पुलिस गाड़ी को नहीं पकड़ पाई तो आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बालिका का शव रखकर जाम कर दिया। इसके चलते एनएच पर दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सूचना पर सीओ सदर श्याम कांत मौके पर पहुंच कर एक सप्ताह के अंदर परिवार को आर्थिक मदद देने व धक्का मारने वाली गाड़ी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। तब जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## मुक्ति के लिये भगवान से कोई न कोई रिश्ता बनाना ही पड़ेगा



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

सिकन्दरपुर/बलिया। श्रीधाम वृन्दावन से पधारों साध्वी आर्या पण्डित ने अपने गम्भीर वक्तव्य में कहा कि संसारियों के जन्म– कर्म की जगह भग?वान के जन्म–कर्म की चर्चा करो ताकि मरणोपरान्त भगवान को ही पाओगे क्योंकि भगवान के जन्म–कर्म दिव्य हैं। एक बार जो नित्य वैकुण्ठ (परमधाम) चला जाता है वह पुनः वापस नहीं लौटता। संसार में किसी न किसी प्रकार से सभी दुःखी है जबकि सुखी एकमात्र राम के दास हैं। अतः भगवान से कोई न कोई रिश्ता बनाना ही पैड़ेगा।

कहा कि तन के पति संसारी हैं किन्तु मन के पति सरकार अधोत् भगवान हैं, इसीलिए उन्हें जगत्पति कहा जाता है। वे समस्त जीवधारियों के भीतर उनक हृदय– गह्वर में रहते हैं और बाहर भी किन्तु इन आँखों से दिखायी नहीं पड़?ते। अर्जुन को दिव्य दृष्टि दी गयी तब वे दीख पड़े। जब तक दिव्य दृष्टि नहीं मिली, तो कौरव सेना बाहर दिखी और जब दिव्य दृष्टि मिली तो वह श्रीहार के मुख में जाती दिखायी पड़ी। हम लोग धनार्जन के लिए नहीं बल्कि ज्ञानार्जन के लिए यहाँ आये हैं। आप बच्चों को शिक्षा व सुसंस्कार दें ताकि आपकी अर्जित कमाई उनके काम ये केवल बच्चों में ही गलती नहीं, सयानों में भी गलती है। बच्चों को जैसा सिखायेंगे वे वैसा ही बनेंगे। ध्यान रहे जो प्राप्त है वही पर्याप्त है, अन्याय से धनोपार्जन मत करो।

साध्वी जी ने आगे कहा कि भगवान उनको ही जनाते हैं जो भगवान को भजते हैं। छल–कपट का त्यागी निर्मल मन वाला भक्त उनको जानकर उनसे अद्वैत स्थिति को प्राप्त होता है। भगवान से कुन्ती यही माँगी कि जीवन में पग–पग पर उसे दुःख मिले ताकि भगवान की याद उसे निरन्तर आती रहे। पूरे संसार में भटकने के बाद भगवान केद्वार पर जाते हैं तो उनका दरवाजा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि पाप करना और सुनना ही पाप नहीं, पाप देखना भी पाप है। भीष्म साधारण नहीं थे, वे जितेन्द्रिय थे। कुरुक्षेत्र के मह समरांगण में एक और कृष्ण जी शस्त्र न उठाने का प्रण करते हैं तो वहीं भीष्म उनको शस्त्र उठाने को विवश करते हैं। शरशैय्या पर पड़े भीष्म के पास जाकर कृष्ण खड़े होकर उनकी अन्तिम इच्छा पूछते हैं तो भीष्म कहते हैं– हे केशव । मेरी मृत्यु निकट है, मैं चाहता हूँ कि मेरी मिट्टी आपके चरणों में लगे और जब तक मेरी श्वाँस चले आपका दर्शन करता रहूँ। मैं यदि आपके चरणों से लगा होता तो मुझे आज ये दुर्दिन दे?खने को न मिलते। कृष्ण ने कहा तथास्तु । साध्वी जी ने कृष्णार्जुन – सम्वाद को रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हुए जीव हिन्सा पर करारी बोट की।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।